डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 05.10.2020 से 11.10.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-40 ▶ मूल्य ₹10.00

मध्यप्रदेश में विधानसभा उप निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम घोषित

मध्यप्रदेश की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वीरा राणा विधानसभा उप चुनाव-2020 के संबंध में जानकारी प्रदान करती हुई।

"भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में 28 विधानसभा क्षेत्रों के रिक्त पदों को भरने के लिए 29 सितम्बर, 2020 को कार्यक्रम जारी किया गया। कार्यक्रम अनुसार नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर, 2020 है तथा नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 17 अक्टूबर, 2020 को होगी। नाम निर्देशन पत्र 19 अक्टूबर, 2020 तक वापस लिए जा सकेंगे। प्रदेश में 3 नवम्बर, 2020 को सभी 9 हजार 361 केंद्रों पर मतदान होगा। मतों की गणना 10 नवम्बर, 2020 को संबंधित विधानसभा क्षेत्र/क्षेत्रों के जिला मुख्यालय पर की जायेगी। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। आदर्श आचरण संहिता सभी उम्मीदवारों, राजनैतिक दलों और सरकार पर लागू होगी।"

चुनाव के संचालन के दौरान व्यापक दिशा-निर्देश

- आयोग ने नामांकन प्रस्तुत करने के लिए उम्मीदवार के साथ आने वाले व्यक्तियों की संख्या के मानदंडों को संशोधित किया है, जो 5 व्यक्तियों के बजाय 2 तक सीमित है।
- नामांकन के प्रयोजनों के लिए वाहनों की संख्या 3 वाहनों के बजाय 2 तक सीमित है।
- कोविड-19 की रोकथाम के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने डोर-टू-डोर अभियान के लिए संख्या उम्मीदवार सहित कुल 5 व्यक्तियों तक सीमित कर दिया है।
- प्रचार-प्रसार हेतु रोड शो में वाहनों के काफिले को 10 वाहनों के बजाय 5 वाहनों (सुरक्षा वाहनों को छोड़कर, यदि कोई हो) को सीमित किया है।
- कोविड-19 के लिए राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी एवं संबंधित जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनके परामर्श से, चुनावों के संचालन के लिए, व्यवस्था और निवारक उपायों से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए एक जिला स्तरीय डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान (डीईएमपी) बनाया गया है।

अर्हता- ऐसे व्यक्ति, जो अर्हता दिनांक 1 जनवरी, 2020 को अपनी 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके हैं और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, वह इस निर्वाचन में अपना मतदान कर सकेंगे।

मतदाता- 28 विधानसभा क्षेत्रों में 33.72 लाख पुरुष, 29.77 लाख महिलाएं, 198 थर्ड जेण्डर एवं 18 हजार 737 सर्विस वोटर्स कुल 63.68 लाख मतदाता मतदान कर सकेंगे। इन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध करा दिए गए हैं। इनमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के 71 हजार 627 एवं 55 हजार 329 दिव्यांग मतदाता चिन्हित हैं। विधानसभा निर्वाचन-2018 में इन 28 विधानसभा क्षेत्रों में 60.85 लाख मतदाता दर्ज थे।

मतदान केंद्र- कुल 9 हजार 361 मतदात केंद्रों पर मतदान होगा, जिनमें 1 हजार 441 सहायक मतदान केंद्र सम्मिलित हैं। 1 हजार से अधिक मतदाता वाले बूथ को सहायक मतदान केंद्र बनाया गया, जो मूल मतदान केंद्र के परिसर में ही सामान्यतः स्थापित हैं। विगत विधानसभा चुनाव, 2018 में इन 28 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 7 हजार 936 मतदान केंद्र थे, जिसकी तुलना में इस बार 18 प्रतिशत मतदान केंद्र बढ़ाये गये हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर अनिवार्य न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

मतदान दल- मतदान को सम्पन्न कराने हेतु लगभग 56 हजार मतदान कर्मी नियुक्त किए गए हैं। कोविड के दिशा-निर्देशों के तहत मतदान दलों के आवागमन हेतु पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था की गई है। मतदान दलों का तृतीय रेण्डमाइजेशन में 24 घंटों के स्थान पर कोविड-19 के निर्देशों के पालन हेतु 72 घंटे पूर्व में रखा गया है।

ईवीएम और वीवीपैट- मतदान हेतु FLC OK मशीनों में 24 हजार 3 बैलेट यूनिट, 23 हजार 558 कंट्रोल यूनिट एवं 23 हजार 53 वीवीपैट जिलों में उपलब्ध हैं। आयोग ने उप चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और वीवीपैट के उपयोग किए जाने का फैसला लिया है। मतदाता अपने पसंदीदा अभ्यर्थी को डाले गये मत की पुष्टि मतदान प्रकोष्ट में उपलब्ध वीवीपैट पर पर्ची देखकर कर सकेंगे।

मतदाता पर्ची- आयोग द्वारा इन सभी 28 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान से पूर्व मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई जायेगी। दृष्टिबाधित मतदाताओं को मतदान में सुविधा के लिये ब्रेल फोटो वोटर स्लिप भी उपलब्ध कराई जायेगी।

पहचान हेतु वैकल्पिक दस्तावेज- निर्वाचन में कोई मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे इस हेतु आयोग द्वारा मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिये ईपिक के अतिरिक्त 13 प्रकार के निम्न दस्तावेजों को भी मान्य किया है-

i. आधार कार्ड
ii. मनरेगा जॉब कार्ड
iii. आयकर पहचान-पत्र (पैन कार्ड)
iv बैंकों/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक
v. श्रम योजना मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत जारी स्मार्ट कार्ड
vi. ड्राईविंग लाइसेन्स
vii. पासपोर्ट
viii. सेवा नियोक्ता द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त पहचान-पत्र
ix. भारत के रजिस्टार जनरल (RGI) द्वारा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
x. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
xi. सांसद/विधायक/विधान परिषद के सदस्य द्वारा जारी पहचान पत्र

नामांकन प्रक्रिया- नामांकन में ऑनलाइन मोड की सुविधा के लिए अतिरिक्त विकल्प प्रदान किए गये हैं :

1. CEO/DEO की वेबसाइट पर नामांकन फॉर्म भी ऑनलाइन उपलब्ध होगा। कोई भी इच्छुक उम्मीदवार इसमें ऑनलाइन आवेदन कर सकता है तथा इसको प्रिंट कर रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा कर सकता है।
2. शपथ पत्र भी CEO/DEO की वेबसाइट पर ऑनलाइन भरा जा सकता है और इसका प्रिंट लिया जा सकता है। नोटरीकरण के बाद इसे रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नामांकन फॉर्म के साथ जमा किया जा सकता है।
3. उम्मीदवार ऑनलाइन मोड के दिए गए ऑप्शन से सिक्योरिटी अमाउंट जमा कर सकते हैं। हालांकि, उम्मीदवार के पास ट्रैजरी में भी सिक्योरिटी अमाउंट जमा करने का विकल्प रहेगा।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

विधानसभा उप निर्वाचन-2020

भारत निर्वाचन आयोग को प्रतिनियुक्ति पर सौंपे गये पुलिस अधिकारी

भोपाल, राज्य शासन ने विधानसभा उप निर्वाचन-2020 के लिये पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश तथा उनके अधीनस्थ निर्वाचन कार्य से जुड़े पुलिस मुख्यालय के अधिकारीगण सहित चुनाव के लिये रिक्त विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित संभाग और जिलों के पुलिस अधिकारियों को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये भारत निर्वाचन आयोग को प्रतिनियुक्ति पर सौंपने की अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार चम्बल, ग्वालियर, शहडोल, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, होशंगाबाद संभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/जोनल पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक की सेवाएं भी भारत निर्वाचन आयोग को प्रतिनियुक्ति पर सौंपी गई हैं।

विधानसभा उप निर्वाचन-2020 के अन्तर्गत चुनाव के लिए रिक्त 28 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित 19 जिलों मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, छतरपुर, अनूपपुर, रायसेन, राजगढ़, आगर-मालवा, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, धार, इंदौर, मंदसौर व उनके अधीनस्थ पुलिस अधिकारी भी विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिनियुक्ति पर होंगे। इन सभी अधिकारियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28-(क) के लिये नामांकित अधिकारी माना जायेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा उप निर्वाचन 2020 के तहत प्रदेश के जिन विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन कराये जा रहे हैं, उनमें मुरैना जिले में 5 विधानसभा क्षेत्र 04-जौरा, 05-सुमावली, 06-मुरैना, 07-दिमनी तथा 08-अम्बाह, भिण्ड जिले में 2 विधानसभा क्षेत्र 12-मेहगांव तथा 13-गोहद, ग्वालियर जिले में 3 विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व तथा 19-डबरा, शिवपुरी जिले में 2 विधानसभा क्षेत्र 23-करेरा तथा 24-पोहरी, अशोकनगर जिले में 2 विधानसभा क्षेत्र 32-अशोकनगर तथा 34-मुंगावली में चुनाव कराये जा रहे हैं। इसके अलावा दतिया जिले की 21-भाण्डेर, गुना जिले की 28-बमोरी, सागर जिले की 37-सुरखी, छतरपुर जिले की 53-मलहरा, अनूपपुर जिले की 87-अनूपपुर, रायसेन जिले की 142-सांची, राजगढ़ जिले की 161-ब्यावरा, आगर-मालवा जिले की 166-आगर, देवास जिले की 172-हाटपिपल्या, खण्डवा जिले की 175-मांधाता, बुरहानपुर जिले की 179-नेपानगर, धार जिले की 202-बदनावर, इंदौर जिले की 211-सांवेर और मंदसौर जिले की 226-सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कराये जा रहे हैं।

कोविड-19

आरटी-पीसीआर और एन्टीजन टेस्ट की दरें निर्धारित

भोपाल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य की सभी आईसीएमआर और एनएबीएल द्वारा कोविड-19 की जाँच के लिये अनुमोदित प्रयोगशालाओं एवं मान्यता प्राप्त एनबीएएच अस्पतालों में आरटी-पीसीआर और रैपिड एन्टीजन टेस्ट की दरें निर्धारित की गई हैं। जांच की नवीन दरों को प्रयोगशालाओं और अस्पतालों के प्रबंधन द्वारा ऐसे स्थान पर जहां से सभी को सहजता से नजर आ जाए, वहां प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

होम कलेक्शन के लिये दो सौ रुपये अतिरिक्त शुल्क रहेगा

आरटी-पीसीआर जांच की दर पैथोलॉजी में सैम्पल कलेक्शन किये जाने पर 1200 रुपये प्रति मरीज लिया जायेगा। यदि सैम्पल कलेक्शन मरीज के घर जाकर किया जाता है तो 200 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है। इस शुल्क में सैम्पल कलेक्शन, ट्रांसपोर्ट शुल्क, कंज्युमेबल, पीपीई किट एवं अन्य समस्त कर इत्यादि सम्मिलित रहेंगे। इसी प्रकार रैपिड एन्टीजन टेस्ट में अस्पताल/पैथोलॉजी सेन्टर पर सैम्पल कलेक्शन पर प्रति मरीज 900 रुपये और मरीज के घर जाकर सैम्पल कलेक्शन करने पर 200 रुपये अतिरिक्त लिये जा सकते हैं।

स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कोविड-19 की आरटी-पीसीआर जांच और रैपिड एन्टीजन टेस्ट के संबंध में केंद्र, राज्य सरकार और आईसीएमआर द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रोटोकॉल और गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी प्रयोगशाला और अस्पतालों को दिये गये हैं। सैम्पल लेते समय ही संबंधित व्यक्ति का नाम, पूर्ण पता, वास्तविक मोबाइल नम्बर की सम्पूर्ण सूचना आरटी-पीसीआर एप पर अपलोड करते हुए संधारित करने और इस सूचना को गोपनीय रखने के लिए कहा गया है। कोविड-19 की जांच का परिणाम राज्य सरकार और आईसीएमआर के साथ वास्तविक समय के आधार पर आईसीएमआर पोर्टल पर साझा करने और इसे तत्काल आरटी-पीसीआर एप पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रयोगशाला और हॉस्पिटल द्वारा जांच के परिणाम की सूचना संबंधित मरीज को तत्काल दी जाए और जाँच में संक्रमित पाये जाने पर इसकी सूचना संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और संबंधित आईडीएसपी सेल को दिए जाने के निर्देश हैं।

जांच के रिकॉर्ड्स रखे जायेंगे सुरक्षित

प्रयोगशाला और अस्पतालों को आरटी-पीसीआर मशीन से उत्पन्न समस्त डाटा, ग्राफ और किट्स के बैच नम्बर के रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। निजी अस्पतालों और प्रयोगशालाओं के प्रबंधन को एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर इसकी सूचना संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राज्य आईडीएसपी शाखा को देने के निर्देश दिये गये हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश से साभार)

26 सितम्बर

नेशनल मेडिकल कमीशन का किया गया गठन

● भारत में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नये युग का सूत्रपात हो गया है। पिछले 64 वर्षों

से चिकित्सा शिक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को खत्म कर नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) का गठन किया गया है। एनएमसी के साथ ही चिकित्सा शिक्षा के विभिन्न आयामों का नियमन करने वाले चार स्वायत्त बोर्ड का भी गठन किया गया है। इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि एनएमसी के गठन के साथ 64 वर्ष पुराने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) अधिनियम समाप्त हो गया है तथा एमसीआई की निगरानी में गठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स भी भंग हो गया है। मंत्रालय ने दिल्ली एम्स के ईएनटी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा को एनएमसी का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

● देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिये केंद्र सरकार ने फेम इंडिया योजना के दूसरे चरण के तहत महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ में 670 इलेक्ट्रिक बसें तथा मध्यप्रदेश, तमिलनाडु, केरल, गुजरात और पोर्ट ब्लेयर में 241 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि यह निर्णय जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने और वाहनों से उत्सर्जन की समस्या से निपटने के लिये लिया गया है। श्री जावड़ेकर ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिये चार्जिंग स्टेशन जरूरी है। उल्लेखनीय है कि देश में फेम इंडिया योजना अप्रैल 2015 में शुरू की गई थी।

● भारत की नई शिक्षा नीति को लगभग 10 देश अपनाना चाहते हैं। यह जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने एसोचैम द्वारा आयोजित एक वेबिनार में दी। श्री निशंक ने कहा कि केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति के एक-एक विंदु को लागू करने के लिये सुझाव मांगे हैं। अब तक 15 लाख से ज्यादा सुझाव भी मिले हैं।

27 सितम्बर

नासा अंतरिक्ष में भेजेगा 170 करोड़ रुपये का टॉयलेट सिस्टम

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी (नासा) इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर यूनिवर्सल वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम नामक एक एडवांस टॉयलेट सिस्टम भेजने जा रही है। इस टॉयलेट सिस्टम की कीमत 2 करोड़ 30 लाख डॉलर (लगभग 170 करोड़ रुपये) है। नासा ने कहा है कि अंतरिक्ष में इस

टॉयलेट सिस्टम के इस्तेमाल के अनुभवों के आधार पर चंद्रमा और मंगल ग्रह पर इस सिस्टम के इस्तेमाल की संभावनायें तलाशी जायेंगी। नासा ने बताया कि इस समय जो टॉयलेट सिस्टम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में स्थापित है, उससे यह सिस्टम 65 प्रतिशत छोटा और 40 प्रतिशत हल्का है। इस सिस्टम को ओरियन अंतरिक्ष यान में भी इस्तेमाल किया जायेगा, जो अंतरिक्ष यात्रियों को दस दिन के अभियान पर चंद्रमा पर ले जायेगा और वापस लेकर आयेगा। इस नये टॉयलेट सिस्टम में मल और मूत्र को शोधित करने की भी व्यवस्था है।

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) बैंकिंग धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिये पॉजिटिव-पे सिस्टम शुरू करने जा रहा है। आरबीआई ने बताया कि पॉजिटिव-पे सिस्टम एक जनवरी 2021 से काम करना शुरू कर देगा। इस सिस्टम के तहत 50 हजार रुपये या इससे अधिक राशि का चेक देने वाले खाताधारक को भुगतान पाने वाले व्यक्ति का नाम, धनराशि और तारीख आदि जानकारियां एमएमएस, मोबाइल एप, इंटरनेट बैंकिंग या अन्य डिजिटल माध्यम से बैंक को देनी होगी। चेक क्लीयरेंस के समय इन जानकारियों का मिलान बैंक करेंगे। इन जानकारियों के मिलान में कोई भी अंतर पाया जाता है, तो बैंक भुगतान रोक देंगी।

● यूक्रेन में एक सैन्य विमान हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा खारकीव शहर के पास हुआ। यह विमान सेना का ट्रेनिंग विमान एंटोनोव-26 था, जिसमें खारकीव एयरफोर्स युनिवर्सिटी के 20 एयर कैडेट तथा 7 क्रुज मेंबर सवार थे। सेना के अनुसार, विमान के कैप्टन ने फ्लाइट कमांडर को रिपोर्ट दी थी कि विमान का बायां इंजन फेल हो गया है और इमरजेंसी लैंडिंग करनी होगी। यह विमान लैंडिंग के दौरान सड़क के किनारे क्रैश हो गया।

28 सितम्बर

डीआरडीओ ने पिनाक मिसाइल प्रणाली का उत्पादन शुरू किया

● रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिनाक मिसाइल सिस्टम

बनाने संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीआरडीओ ने पिनाक के रॉकेट्स, लॉन्चर्स और अन्य जरूरी उपकरणों के उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी डायरेक्टरेट जनरल ऑफ क्वालिटी एश्योरेंस (डीजीक्यूए) को सौंप दी है। डीजीक्यूए सभी रक्षा उपकरणों के लिये गुणवत्ता विनिर्देश और मानक सुनिश्चित करता है। डीजीक्यूए से मंजूरी मिलने के बाद उत्पादन शुरू हो जायेगा। उल्लेखनीय है कि पिनाक एक फ्री फ्लाइट आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम है, जिसकी रेंज 37.5 किलोमीटर है। यह 44 सेकेंड में 12 रॉकेट दाग सकता है। इसे नजदीक से युद्ध होने से पहले दुश्मन को टारगेट करने के लिये उपयोग में लाया जाता है। इससे छोटी रेंज की आर्टिलरी, इन्फैंट्री और हथियारबंद वाहनों को निशाना बनाया जाता है।

● इजराइल में बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण लॉकडाउन लगाया गया है। लॉकडाउन तथा कोरोना संकट के खिलाफ हजारों लोगों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सरकारी आवास के बाहर जमा होकर जमकर नारेबाजी की और इस्तीफे की मांग की। इजराइल में कोरोना के प्रसार को रोकने के लिये सख्त लॉकडाउन लगाया गया है, बेंजामिन लॉकडाउन अवधि में प्रदर्शनों पर भी रोक लगाना चाहते थे, लेकिन संसद में सहमति नहीं बन पाई।

● दक्षिण अमेरिकी देश पेरू कोरोना महामारी से निपटने के लिये युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। लगभग साढ़े तीन करोड़ आबादी वाले पेरू की सरकार ने कोरोना के इलाज तथा रोकथाम में आसानी के लिये एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की है। इस एंबुलेंस का इस्तेमाल दूरदराज वाले इलाकों में कोरोना मरीजों को अस्पताल ले जाने में किया जायेगा। इस एयर एंबुलेंस में कोरोना के इलाज से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

29 सितम्बर

कोरोना वैक्सीन से जुड़ी जानकारियों के लिये पोर्टल लॉन्च

● देश में कोरोना वैक्सीन से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराने के लिये एक पोर्टल बनाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने इस पोर्टल को लॉन्च किया। इस पोर्टल को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बनाया है। डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि इस पोर्टल पर देश में वैक्सीन विकास, रिसर्च और क्लीनिकल ट्रायल से संबंधित सभी सूचनायें आसानी से मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर समय के साथ विभिन्न बीमारियों की रोकथाम में उपयोग किये जाने वाले सभी टीकों के लिये उपलब्ध डाटा भी मिलेगा।

● भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने होम, कार, गोल्ड और पर्सनल लोन पर प्रोसेसिंग फीस को समाप्त कर दिया है। यह छूट उन ग्राहकों को दी जायेगी, जो बैंक के योनो एप के माध्यम से आवेदन करेंगे। एसबीआई ने बताया कि होम लोन में भी उन प्रोजेक्ट्स पर पूरी तरह प्रोसेसिंग फीस माफ होगी, जो पूरे हो चुके हैं। बैंक बेहतर क्रेडिट स्कोर वाले ग्राहकों को 0.10 प्रतिशत की ब्याज में विशेष छूट भी देगा।

● चीन की एक खदान में जहरीली गैस का रिसाव होने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 16 मजदूरों की मौत हो गई। यह खदान चीन के चोंगचिंग शहर में स्थित है। प्रशासन के अनुसार इस खदान में 17 लोग फंसे थे, इनमें से एक की जान बचा ली गई है। बताया जा रहा है कि खदान में कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ गया था, इससे मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और उनकी मृत्यु हो गई।

30 सितम्बर

यूजीसी ने पांच राज्यों को विश्वविद्यालय की परीक्षाएं आयोजित कराने दिया अतिरिक्त समय

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पांच राज्यों- पश्चिम बंगाल, पंजाब, महाराष्ट्र, ओडिशा और मेघालय को विश्वविद्यालयों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं आयोजित कराने के लिये अतिरिक्त समय दिया है। अब ये राज्य अक्टूबर माह में इन परीक्षाओं को आयोजित कर सकेंगे। इन राज्यों ने यूजीसी से अक्टूबर माह में परीक्षाएं आयोजित कराने की मांग की थी, जिसे स्वीकार किया गया है। यूजीसी ने सभी राज्यों को विश्वविद्यालयों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 30 सितम्बर तक कराने का समय दिया था।

● भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचनाओं की उपलब्धता में खामी को दूर करने के लिये नया फैसला लिया है। फैसले के तहत अब सूचीबद्ध कंपनियों को उनके खातों की फॉरेंसिक जांच शुरू होने के बारे में सेबी को जानकारी देनी होगी। सेबी निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वक्तव्य में कहा गया कि सूचीबद्ध कंपनियों को ऑडिट करने वाली कंपनी का नाम और फॉरेंसिक जांच होने की वजह भी शेयर बाजार को बतानी होगी। इसके अलावा सेबी ने कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार में रेपो खरीद फरोख्त को बढ़ावा देने के लिये लिमिटेड पर्पज रेपो क्लियरिंग कॉर्पोरेशन की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है।

● इराक की राजधानी बगदाद में एक रॉकेट हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के थे। यह हमला बगदाद एयरपोर्ट के नजदीक यूएस मिलिट्री बेस के पास हुआ है। अभी तक किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बताया जा रहा है कि यूएस मिलिट्री बेस पर इस तरह के हमले पहले भी हुए हैं। इन हमलों के लिये ईरान समर्थित आतंकियों को जिम्मेदार माना जाता है।

1 अक्टूबर

सीबीडीटी ने आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाई

● केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को 30 सितम्बर से बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया है। सीबीडीटी द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया कि यह निर्णय कोरोना महामारी के चलते लोगों को हुई समस्या को देखते हुये लिया गया है। अब 30 नवंबर तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि आमतौर पर इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि प्रत्येक वर्ष 31 मार्च होती है, लेकिन इस वर्ष कोरोना महामारी के कारण अंतिम तिथि कई बार बढ़ाई गई है।

● कोरोनाकाल में विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिये केंद्र सरकार वंदे भारत मिशन संचालित कर रही है। इस मिशन का सातवां चरण शुरू हो गया है। सातवें चरण के तहत 496 हवाई उड़ानों से लगभग 40 हजार लोगों को वापस लाया जायेगा। सातवें चरण में सबसे ज्यादा लोग संयुक्त अरब अमीरात से वापस आयेंगे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि मिशन के सातवें चरण में संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, सिंगापुर, कतर और सऊदी अरब से भारतीय नागरिकों को वापस लाने का प्रबंध किया गया है। स्वदेश लौटने वाले भारतीयों ने मिशन के लिये अपना पंजीकरण कराया है।

● कोरोना महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित अमेरिका में अब बच्चों और किशोरों में भी संक्रमण बढ़ने लगा है। अमेरिका में स्कूल खोलने तथा खेल गतिविधियां शुरू होने से बच्चों में संक्रमण का दायरा बढ़ रहा है। यह जानकारी अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा जारी एक रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में अब तक लगभग 74 लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं, इनमें दस प्रतिशत बच्चे हैं। रिपोर्ट के अनुसार बच्चों में सितम्बर माह के प्रारंभ से संक्रमण बढ़ना शुरू हुआ है।

2 अक्टूबर

आईसीएमआर ने बनाया कोरोना के इलाज में कारगर एंटीसेरा

● भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कोरोना महामारी के इलाज में उपयोगी एक उच्च गुणवत्ता का एंटीसेरा तैयार किया है। यह एंटीसेरा कोरोना महामारी के इलाज में कारगर साबित हो सकता है। यह प्लाज्मा थेरेपी की जगह ले सकता है। आईसीएमआर ने कहा कि उसने जानवरों के रक्त सीरम का इस्तेमाल कर प्योरिफाइड एंटीसेरा विकसित किया है। यह एंटीसेरा कोरोना महामारी की घातकता को कम करने में बेहद कारगर है। आईसीएमआर ने कहा कि सभी लोगों का प्लाज्मा थेरेपी से इलाज संभव नहीं है, ऐसे में एंटीसेरा बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।

● अमेरिका की एक अदालत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उन्होंने एच-1बी सहित दूसरे रोज़गार देने वाले वीजा जारी करने पर प्रतिबंध लगाया था। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने संवैधानिक अधिकारों से परे जाकर यह कदम उठाया था। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने जून 2020 में आदेश जारी कर इस वर्ष के अंत तक एच-1बी वीजा और एच-2बी, जे एवं एल वीजा सहित विदेशी नागरिकों को जारी किये जाने वाले अन्य वीजा पर अस्थाई रोक लगा दी थी।

● अफगानिस्तान के नाहरी सराह जिले में सैन्य चौकी पर आत्मघाती हमला हुआ। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई। अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत के प्रवक्ता ओमार ज्वाक ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने कार में विस्फोटक भरकर सैन्य चौकी को निशाना बनाया। हमले के समय सैन्य चौकी से अन्य नागरिक भी गुजर रहे थे, जो इसकी चपेट में आ गये।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

APPOINTMENTS
Under College Code 28
A renowned educational group Renaissance has requirement for RENAISSANCE LAW COLLEGE, Post-Rangwasa, Gram Narlay, Indore
PRINCIPAL, PROFESSORS, ASSOCIATE PROFESSORS AND ASSISTANT PROFESSORS
FOR LAW, POLITICAL SCIENCE, ECONOMICS, HISTORY, HINDI, COMMERCE, MANAGEMENT & ENGLISH
Qualification & Salary as per UGC & Bar Council of India norms.
Candidates should have excellent command over English.
Apply within 7 days.
City Office : 45, Anurag Nagar, Behind Press Complex, Indore Ph: 0731-4262129
Mob: 94246 50000
renaissancelawcollege@gmail.com
Renaissance Law College
AFFILIATED TO DAVV, INDORE
R-44481/2020

वर्ष 37, अंक 40 05.10.2020 से 11.10.2020
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पांच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

कोविड-19 के दौरान आम चुनाव/ उपचुनाव के लिये दिशा-निर्देश

वर्तमान में पूरी दुनिया, देश और प्रदेश कोविड की महामारी से जूझ रहा है। भारत में मार्च से इसके मरीज सामने आना शुरू हुये। इसके बाद दिनों-दिन इसमें भारी इजाफा होता रहा। इस बीमारी से जूझते लगभग 6 माह का समय व्यतीत हो चुका है। इसके चलते आम आदमी से लेकर शासन द्वारा किये जाने वाले अनेक कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इस बीमारी से पूरी तरह निजात कब मिलेगी, यह कहना अभी संभव नहीं है। शासन द्वारा जनता के लिये अनेक काम तय समय पर करवाना आवश्यक होता है। इसमें थोड़ी देर-अवेर तो संभव है, लेकिन अनेक कार्यों को लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता है। मध्यप्रदेश में 28 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव भी ऐसा ही कार्य है, जिसे बहुत लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता है। इसी को ध्यान में रखकर भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्य संपन्न करने के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आयोग ने 17 जुलाई को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों से 31 जुलाई तक अपने विचार और सुझाव मांगे थे। जिसे विभिन्न राजनीतिक दलों के अनुरोध पर 11 अगस्त तक बढ़ाया गया था। आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के चुनाव प्रचार और जनसभाओं में प्राप्त विचारों/ सुझावों पर विचार किया है। चुनाव संचालन की प्रमुख गतिविधियों को ध्यान में रखते हुये विभिन्न प्रदेशों/केंद्र शासित प्रदेशों में कोविड-19 के दौरान होने वाले आम चुनाव/उपचुनाव के लिये व्यापक दिशा-निर्देश बनाये गये हैं। निर्देश में कहा गया है कि चुनाव संबंधी प्रत्येक गतिविधि के दौरान प्रत्येक व्यक्ति मास्क लगायेगा। चुनाव के लिये हॉल/कमरे परिसर में प्रवेश करते समय सभी व्यक्तियों की थर्मल चेकिंग की जायेगी। सेनेटाइजर, साबुन और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार की प्रचलित कोविड-19 के निर्देशानुसार सामाजिक दूरी संधारित की जायेगी। जहां तक संभव हो बड़े-बड़े हॉल को चिन्हित कर उपयोग में लाया जायेगा, जिससे सामाजिक दूरी के मानकों का पालन किया जा सके। कोविड-19 के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिये चुनावी दलों, सुरक्षा बलों के परिचालन के लिये पर्याप्त संख्या में वाहनों का उपयोग किया जायेगा। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोविड-19 संबंधी व्यवस्थाओं और प्रतिरोध उपायों की निगरानी के लिये राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तर पर नोडल स्वास्थ्य अधिकारी नियुक्त किया जायेगा। प्रथम एवं द्वितीय रेण्डमाइजेशन और ईवीएम/वीवीपीएटी को बड़े हॉल में तैयार किया जायेगा। इस प्रक्रिया के दौरान पर्याप्त मात्रा में सेनेटाइजर प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक अधिकारी जो ईवीएम और वीवीपीएटी को हाथ लगायेगा उसे ग्लव्स दिये जायेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि जहां तक संभव हो चुनावकर्मियों का प्रशिक्षण विकेन्द्रीकृत प्रकार से बड़े हॉलों में आयोजित किया जाये। जहां तक चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षण की बात है तो उन्हें ऑनलाइन प्रशिक्षित किया जाये। सभी प्रकार की पीपीटी, चुनाव सामग्री, संबंधित दस्तावेज, विषयवार वीडियो क्लिप, स्व-मूल्यांकन के लिये प्रश्न-पत्र, एप/पोर्टल पर अपलोड किये जायें, जिससे कोई भी चुनाव अधिकारी आवश्यकता पड़ने पर उसे देख सके। जिला निर्वाचन अधिकारी/ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदान/मतगणना/चुनाव संबंधित स्टाफ को पर्याप्त संख्या में रिज़र्व में रखा जाये, जिससे किसी चुनावकर्मी के कोविड-19 लक्षण दिखने पर उसे बदला जा सके। मध्यप्रदेश में संपन्न होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। तैयारियां बेहतर तरीके से हुई हैं इसके चलते उम्मीद है कि मध्यप्रदेश में विधानसभा उपचुनाव निर्विघ्न रूप से संपन्न होंगे।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- जलमंडल-1 मौजूद कुल जल में से 97.3 प्रतिशत महासागरों और अंतर्देशीय सागरों में है। बाकी बचा हुआ 2.7 प्रतिशत हिमनदो और बर्फ टोपो, मीठे जल की झीलों, नदियों और भूमिगत जल के रूप में पाया जाता है। महासागरीय जल और मीठे जल का कुल स्टाक भूवैज्ञानिक इतिहास में हमेशा ही बिल्कुल स्थिर रहा है। लेकिन महासागरीय और मीठे जल का अनुपात जलवायु की दशाओं के अनुसार हमेशा बदलता रहता है। जब जलवायु अत्यधिक ठंडी होती है, तब बहुत सा समुद्री पानी हिमनदो और बर्फ टोपो द्वारा अवशोषित हो जाता है। समुद्री पानी की कमी के कारण भी मीठे पानी का परिमाण बढ़ जाता है। जब जलवायु गर्म हो जाती है तो हिमनद और बर्फ टोप के पिघलने से मीठे पानी की कमी के कारण समुद्री पानी का परिमाण बढ़ जाता है। पिछले 60 से 80 सालों के दौरान किये गये समुद्र स्तर प्रेक्षण बताते हैं कि समुद्र का पानी धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इसका अर्थ यह है कि जलवायु गरम होती जा रही है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व डाक दिवस | 9 अक्टूबर

देश के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम होती है डाक सेवा

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

सम्पर्क, संप्रेषण और सूचना के प्रवाह का सशक्त माध्यम होती है किसी भी देश की डाक सेवा। एक स्वायत्त और संप्रभुता सम्पन्न शासन द्वारा संधारित डाक-व्यवस्था उस देश के सर्वांगीण विकास का एक प्रभावी माध्यम होती है। विभिन्न देशों में अलग-अलग स्वरूप में विद्यमान डाक-संगठन अपनी अहम भूमिका का बखूबी निर्वाह कर रहे हैं। भिन्न-भिन्न डाक-संगठनों के महती अवदान को मान्यता देने और उनकी सेवाओं की सराहना के लिये विश्व के अधिकांश देशों में 'विश्व डाक दिवस' मनाया जाता है। विश्व डाक दिवस, स्विट्जरलैंड के बर्न में वर्ष 1874 ईस्वी में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) की स्थापना की याद में मनाया जाता है। भारत 1 जुलाई, 1876 को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना था। वर्ष 1874 में हेनरिक वॉन स्टेपहान, जो कि उत्तर जर्मन परिसंघ के एक वरिष्ठ डाक अधिकारी थे ने एक अंतर्राष्ट्रीय डाक यूनियन के लिए एक योजना तैयार की। उनके सुझाव के आधार पर, स्विस सरकार ने 15 सितंबर 1874 को बर्न में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें बाईस राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। बर्न की संधि, 1874 में हस्ताक्षरित की गयी। इस संधि ने पत्रों के आदान-प्रदान के लिए एक एकल पोस्टल क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय डाक सेवाओं और नियमों को व्यवस्थित करने में सफलता प्राप्त की। 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस की शुरुआत की गई, वर्ष 1948 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन, संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी बन गई।

डाक सेवाओं के महत्व और उपयोगिता पर केंद्रित होते हैं 'डाक दिवस' के आयोजन

विश्व डाक दिवस का मूल उद्देश्य लोगों के बीच पोस्टल सेवा के बारे में प्रचार-प्रसार करना है और उसके महत्व को प्रतिपादित करना है। साथ ही लोगों के जीवन और राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में बताना है। इस दिवस पर डाक सेवा में नवाचारों की भी चर्चा होती है। मानव कल्याण के लिये डाक सेवाओं की उपादेयता पर भी इस दिन चर्चा होती है। प्रौद्योगिकी में बदलाव के बाद डाक विभाग मौजूदा संरचना में परिवर्तन कर अपनी उपयोगिता कैसे प्रमाणित कर सकता है इस पर भी चर्चा की जाती है। इस साल कोरोना संक्रमण के कारण सेमिनार के स्थान पर वेबिनार के आयोजन होंगे और वर्चुअल मोड पर ही यह दिवस मनेगा।

इस दिवस के आयोजन में विविध देशों से प्रतिनिधि भाग लेते हैं। इस आयोजन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने और इसकी महत्ता के बारे में बताने के लिए विविध कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। प्रति वर्ष अधिकतर राष्ट्रों द्वारा विभिन्न तरीकों से विश्व डाक दिवस मनाया जाता है। यद्यपि कई देशों में इस दिन को एक छुट्टी के रूप में मनाया जाता है। कुछ देशों में इस दिन नए डाक उत्पादों और सेवाओं को प्रस्तुत किया जाता है। यहां तक कि इस दिवस के अवसर पर पोस्ट विभाग में कार्यरत कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिये पुरस्कृत भी किया जाता है।

भारत में कोलकाता में खुला था पहला डाकघर

भारत में नियमित डाक सेवा की शुरुआत वर्ष 1766 में हुई थी और तत्कालीन वायसराय वारेन हेस्टिंग्स ने वर्ष 1774 में कोलकाता में दो सौ चौपन साल पहले प्रथम डाकघर स्थापित किया था। आज देश में डाक विभाग डेढ़ लाख से अधिक पोस्ट ऑफिस का संचालन कर रहा है। जिनमें से 89.87 प्रतिशत पोस्ट ऑफिस ग्रामीण क्षेत्रों में है तथा औसतन प्रति 21.23 वर्ग किलोमीटर में यह 7,815 से अधिक जनसंख्या को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। भारत में एक विभाग के रूप में डाक विभाग की स्थापना 01 अक्टूबर, 1854 को हुई थी। भारतीय डाक विभाग हर साल 9 से 15 अक्टूबर के बीच डाक सप्ताह मनाता है। देश में त्वरित डाक सेवा की अत्याधुनिक प्रणाली स्पीड पोस्ट का आरंभ वर्ष 1986 में हुआ था, जबकि देश में पैसों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक नाममात्र के कमीशन पर पहुंचाने वाली विश्वसनीय मनीऑर्डर सेवा का आरम्भ वर्ष 1980 में हुआ था। इसी प्रकार भारतीय सीमा के बाहर अंटार्कटिका में वर्ष 1983 में पहला डाकघर बना था। संप्रेषण के अन्य माध्यमों के आने से भले ही डाक की प्रासंगिकता कम हो गई हो, लेकिन कुछ मायने में अभी भी इसकी प्रासंगिकता बरकरार है। दुनियाभर में पोस्ट ऑफिस से संबंधित इन आंकड़ों से हम इसे और अधिक स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं। डाक विभाग से अभी भी 82 फीसदी वैश्विक आबादी को होम डिलीवरी का फायदा मिलता है और एक डाक कर्मचारी 1,258 औसत आबादी को सेवा मुहैया कराता है, जो इस सेवा की व्यापकता को दर्शाता है।

कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन में भारतीय डाक ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

'विश्व डाक दिवस' पर यदि हम भारतीय डाक विभाग की भूमिका का पुनर्स्मरण करें तो हम पायेंगे कि इस विभाग जिसे इन दिनों हम 'भारतीय डाक' यानी इंडिया पोस्ट के नाम से जानते हैं, वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के कठिन दिनों में आमजन की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

ई-मेल, व्हाट्सएप और अन्य ऑनलाइन माध्यमों के प्रचलन के कारण एक समय सम्पर्क का मुख्य आधार रहे डाकघरों को जहां पलक झपकते अप्रासंगिक बना दिया था, वहीं कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के समय यही 'भारतीय डाक' की सेवाएं देश में विशेष रूप से ग्रामीण और दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए बड़ी मददगार साबित हुई हैं, बल्कि यह कहना ज्यादा सही होगा कि कोरोना महामारी ने इन डाकघरों को एक बार फिर प्रासंगिक बना दिया है। डाकियों ने इस दौरान देश भर में करोड़ों रुपये की होम डिलीवरी की है। यह रकम लॉकडाउन के दौरान डाकघर बचत खातों में हुए छियासठ हजार करोड़ रुपयों के नियमित लेन-देन के अतिरिक्त थी।

डाक विभाग ने की त्वरित सहायता

कोरोना की वजह से जारी देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान बैंक तो खुले थे, लेकिन कूरियर सेवाओं और परिवहन के तमाम साधनों के बंद होने की वजह से आम लोगों को खासकर दूर-दराज के इलाके के लोगों के लिए पैसे निकालने के लिए बैंकों तक पहुंचना या अपने प्रियजन तक पैसे या जरूरी सामान भेजना असंभव हो गया था। ऐसे में डाक विभाग ने त्वरित सहायता की कारगर और पुरअसर जुगत की। विभाग ने अपने वाहनों के जरिए एक नेशनल रोड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क विकसित किया। विभाग ने पांच सौ किलोमीटर के दायरे में बाईस लंबे रूट तय किए, जो देश के पिचहत्तर शहरों को जोड़ते थे। इसके जरिए जरूरी सामानों और नकदी के अलावा चिकित्सा उपकरणों की भी होम डिलीवरी की गई। खासकर नकदी की होम डिलीवरी ने कई पेंशनभोगी लोगों को भारी राहत पहुंचाई है। बयासी वर्षीय पेंशनभोगी सुव्रत बागची के अनुसार 'लॉकडाउन के ऐलान के बाद मेरी सबसे बड़ी चिंता यह थी कि मैं अपने पेंशन की रकम नहीं निकाल सकूंगा।' लेकिन पोस्टमास्टर को एक फोन करते ही अगले दिन घर पर पेंशन की रकम मिल गई। पेंशन ही मेरी रोजी-रोटी का जरिया है और संकट के इस दौर में डाकघर ने जो बेहद अहम् भूमिका निभाई है वो अतुलनीय है।

बदलती तकनीक में आज भी समय से हमकदम है डाक सेवा

बदलते हुए तकनीकी दौर में दुनियाभर की डाक व्यवस्थाओं ने मौजूदा सेवाओं में सुधार करते हुए खुद को नई तकनीकी सेवाओं के साथ जोड़ा है और डाक, पार्सल, पत्रों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की हैं। डाकघरों द्वारा मुहैया कराई जाने वाली वित्तीय सेवाओं को भी आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। नई तकनीक आधारित सेवाओं की शुरुआत तकरीबन बीस वर्ष पहले की गई और उसके बाद से इन सेवाओं का और तकनीकी विकास किया गया। साथ ही इस दौरान ऑनलाइन पोस्टल लेन-देन पर भी लोगों का भरोसा बढ़ा है। यूपीयू के एक अध्ययन में यह पाया गया है कि दुनियाभर में इस समय पचपन से भी ज्यादा विभिन्न प्रकार की पोस्टल ई-सेवाएं उपलब्ध हैं। भारतीय डाक विभाग ने सतहत्तर फीसदी ऑनलाइन सेवाएं दे रखी हैं। पांच दिन के मानक समय के अंदर 83.62 फीसदी अंतर्राष्ट्रीय डाक सामग्री बांटी जाती है। इन तथ्यों से यह स्पष्ट है कि बदलती तकनीक में आज भी समय से हमकदम है डाक सेवा। विश्व में विभिन्न देशों की तुलना में भी भारतीय डाक सेवा अधिक सक्षम और प्रभावी है।

डाक विभाग के लक्ष्य और बुनियादी मूल्य

- दुनिया में सबसे बड़े डाक नेटवर्क के रूप में अपनी स्थिति बनाये रखने के लिये देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन को छूना।
- ग्राहकों को पैसों के मूल्य आधार पर सेवायें प्रदान करना।
- निष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और व्यवसायिकता के सर्वोच्च स्तर का प्रदर्शन।

(फोटो गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग, संभाग - आगर मालवा
संक्षेप निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक 12/2020-21/नि.लिपिक **दिनांक : 24.09.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. लोक निर्माण विभाग, संभाग आगर मालवा के अंतर्गत गाता से वाजना मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 4.20 कि.मी.।

ऑनलाइन टेंडर क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य की निर्धारित अवधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का दिनांक समय एवं पता
2020_PWDRB_108945_1	280.37	2,80,370/-	12 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, दशहरा मैदान, उज्जैन, दि. 16.10.2020 शाम 5.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. लोक निर्माण विभाग, संभाग आगर मालवा के अंतर्गत घुरासिया से टिल्लर डेम मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 4.00 कि.मी.।

2020_PWDRB_108946_1	297.49	2,97,490/-	12 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, दशहरा मैदान, उज्जैन, दि. 16.10.2020 शाम 5.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. लोक निर्माण विभाग, संभाग आगर मालवा के अंतर्गत घुरासिया फाटा से अरनी फाटा मार्ग का निर्माण कार्य, लंबाई 2.80 कि.मी.।

2020_PWDRB_108943_1	191.44	1,91,440/-	12 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, दशहरा मैदान, उज्जैन, दि. 16.10.2020 शाम 5.30 बजे तक
योग -	**769.30**			

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से **दिनांक 15.10.2020, समय 17.30 तक** क्रय किया जाएगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह प्रकाशित नहीं किया जावेगा। संशोधन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 16.10.2020, समय 5.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-14471/44469/2020 **लो.नि.वि. संभाग, आगर मालवा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 2, इंदौर

E-mail ID :- eepwd2ind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 07/ब.ले.नि./2020-21 **इंदौर, दिनांक 23.09.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. व्यासखेड़ी खातीपिपलिया मार्ग का निर्माण कार्य, लम्बाई 5.27 कि.मी.।

टेण्डर नं.	जिला	ठेके की अनु. राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
2020_PWDRB_108576_1	इंदौर	430.04	430040/-	15000/-	लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत	10 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. कटकिया से धतुरिया मार्ग का निर्माण कार्य, लम्बाई 2.50 कि.मी.।

2020_PWDRB_108577_1	इंदौर	193.12	193120/-	12500/-	- तदैव -	6 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग विशेष कार्य, उपसंभाग इंदौर के अंतर्गत मटेरियल एकत्रीकरण का कार्य।

2020_PWDRB_108581_1	इंदौर	8.00	16000/-	2000/-	- तदैव -	2 माह वर्षाकाल सहित
	कुल	**631.16**				

1. उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट करने के पश्चात विड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. विड प्रस्तुत करते समय विड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. विड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण। 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण। 3. पेन कार्ड। 4. एफिडेविट। 5. जी.एस.टी.एन. नं. एवं रजिस्ट्रेशन का प्रमाण-पत्र आदि अन्य विस्तृत जानकारी विड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की तिथि दिनांक 24.09.2020 सुबह 10.30 से **दि. 07.10.2020 सायं 17.30 बजे तक** निर्धारित है।
4. सरल क्र. 1 व 2 कार्य की मूल धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज कार्यालय, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर, ओल्ड पलासिया, इंदौर के कार्यालय में दिनांक 08.10.2020, सायं 17.30 के पूर्व पहुंच जाना चाहिये एवं सरल क्र. 3 कार्य की मूल धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 2 इंदौर ओल्ड पलासिया, इंदौर के कार्यालय में दिनांक 08.10.2020, सायं 17.30 के पूर्व पहुंच जाना चाहिये। मूल धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत न करने वाले निविदाकारों की निविदायें नहीं खोली जावेंगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा।

जी-14479/44470/2020 **कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि., संभाग क्र. 2, इंदौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बुरहानपुर

E-mail - eephed_bur@rediffmail.com, Phone No. - 07325-241085

क्र. 1604/निविदा/लो.स्वा.यां.वि./2020 **बुरहानपुर, दिनांक : 25.09.2020**

निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना क्र. 16/2020-21 ई-टेंडरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (http://www.mptenders.gov.in) आमंत्रित है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. हैण्डपंप संधारण कार्य, मात्र लेबर कार्य, निविदा अनुसार।

ऑनलाइन टेण्डर नंबर	विकासखण्ड	निविदा की अनुमानित	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
2020_PHED_108983_1	बुरहानपुर	1308760/-	26175/-	2000/-	केन्द्रीय पंजीकृत (ई-रजिस्ट्रेशन)	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. हैण्डपंप संधारण कार्य, मात्र लेबर कार्य, निविदा अनुसार।

2020_PHED_108983_2	खकनार	1308760/-	26175/-	2000/-	केन्द्रीय पंजीकृत (ई-रजिस्ट्रेशन)	12 माह वर्षाकाल सहित

नोट - 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधन कारक होंगी। विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर **दिनांक 12.10.2020 को सायंकाल 5.30 बजे तक** आवश्यक राशि का भुगतान एटीएम कम डेबिट कार्ड, केश कार्ड तथा इंटरनेट बैंकिंग द्वारा क्रय किये जा सकेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-14446/44468/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बुरहानपुर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड ग्वालियर (म.प्र.)

फोन नं. - 0751-2231257, ई-मेल : eephedgwa@nic.in

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.09.2020 से दिनांक 07.10.2020 सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा दिनांक 18.09.2020 से **दिनांक 07.10.2020 सायं 5.30 बजे तक** ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा खुलने की दिनांक 09.10.2020, दोपहर 01.00 बजे से है।

निविदा संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनायें केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेंगी।

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 1. विकासखण्ड मुरार के ग्राम अडुपुरा जागीर की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

नि.आ.सू.क्र./दि.	ई-टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य की अनु. लागत (PAC) रु. में	प्रतिभूति राशि (EMD) रु. में	ऑनलाइन निविदा फार्म का मूल्य रु. में	आमंत्रण की संख्या
39/18.09.2020	2020_PHED_107806_1	ग्वालियर	58.68 लाख	58680/-	10000/-	प्रथम

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 2. विकासखण्ड मुरार के ग्राम बहादुरपुर की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

40/18.09.2020	2020_PHED_107807_1	ग्वालियर	73.06 लाख	73060/-	10000/-	प्रथम

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 3. विकासखण्ड मुरार के ग्राम बंधोली की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

41/18.09.2020	2020_PHED_107808_1	ग्वालियर	80.37 लाख	80370/-	10000/-	प्रथम

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 4. विकासखण्ड मुरार के ग्राम बेरजा की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

42/18.09.2020	2020_PHED_107809_1	ग्वालियर	106.26 लाख	106260/-	12500/-	प्रथम

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 5. विकासखण्ड मुरार के ग्राम बिल्हेटी की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

43/18.09.2020	2020_PHED_107810_1	ग्वालियर	160.30 लाख	16030/-	12500/-	प्रथम

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 6. विकासखण्ड मुरार के ग्राम गुठीना की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

44/18.09.2020	2020_PHED_107811_1	ग्वालियर	77.39 लाख	77390/-	10000/-	प्रथम

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 7. विकासखण्ड मुरार के ग्राम हस्तिनापुर की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

45/18.09.2020	2020_PHED_107812_1	ग्वालियर	100.55 लाख	100550/-	12500/-	प्रथम

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 8. विकासखण्ड मुरार के ग्राम पारसेन की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

46/18.09.2020	2020_PHED_107813_1	ग्वालियर	148.49 लाख	148490/-	12500/-	प्रथम

सं.क्र. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण :- 9. विकासखण्ड मुरार के ग्राम सोंसा की नल जल प्रदाय, जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य।

47/18.09.2020	2020_PHED_107814_1	ग्वालियर	98.31 लाख	98310/-	10000/-	प्रथम

कार्यपालन यंत्री
जी-14484/44471/2020 **लो.स्वा.यां. खण्ड, ग्वालियर**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 10/सी.आर.एफ./वर्ष 2020-21/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) **भोपाल, दिनांक 26.09.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. सी.आर.एफ. योजना अंतर्गत सतना जिले के खम्हरिया टिकरी अकोना मार्ग में सेमरावल नदी पर पहुँचमार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	राज्य	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. लागत राशि (रु. करोड़ में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2020_PWDRB_109244_1	सतना	पुल कार्य	द्वितीय	519.19	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लाट नम्बर 27-28 अरेरा हिल्स, भोपाल

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. सी.आर.एफ. योजना अंतर्गत सतना जिले के गोरैया-रेहुटा-गड़वा खुर्द-बस्ती मार्ग में टमस नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2020_PWDRB_109246_1	सतना	पुल कार्य	द्वितीय	1054.05	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लाट नम्बर 27-28 अरेरा हिल्स, भोपाल
		कुल योग		**1573.24**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 09.10.2020, (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 12.10.2020, (17.30) बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग
जी-14619/44477/2020 **सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-उमरिया (म.प्र.)

निविदा क्र. 37-43/2020-21/का.यं./लोक.स्वा.यां./खण्ड/उमरिया दिनांक 23.09.2020

निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं।

कार्य :- उमरिया जिले के विभिन्न विकासखण्डों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य के तहत आर.सी.सी. टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, वॉल चेम्बर निर्माण, पम्प हाउस प्रदाय एवं स्थापना, विद्युत लाइन विस्तार, घर-घर नल कनेक्शन एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित समस्त सामग्री प्रदाय एवं स्थापना संबंधी प्राक्कलन अनुसार समस्त कार्य।

क्र.	निविदा क्र.	ई-टेण्डर नम्बर	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	ग्राम (विकासखण्ड)	टंकी/सम्पवेल की प्रकार	अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	समय अवधि (वर्षाकाल सहित)	ठेकेदार की श्रेणी
1.	37/20-21	2020_PHED_108294_1	41.91 लाख	अमिलिहा (पाली)	50 कि.ली. टंकी	50,000/-	5,000/-	09 माह	लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश में पंजीकृत या केन्द्र के निर्माणों में पंजीकृत संस्थाएं
2.	38/20-21	2020_PHED_108295_1	41.69 लाख	अमहा (मानपुर)	50 कि.ली. टंकी	50,000/-	5,000/-	09 माह	
3.	39/20-21	2020_PHED_108296_1	78.83 लाख	महुरा (करकेली)	50 कि.ली. टंकी	78830/-	10,000/-	09 माह	
4.	40/20-21	2020_PHED_108298_1	74.23 लाख	करकेली (करकेली)	50 कि.ली. टंकी	74230/-	10,000/-	09 माह	
5.	41/20-21	2020_PHED_108299_1	96.30 लाख	महरोई एवं ददरी (करकेली)	200 कि.ली. टंकी एवं 50 कि.ली. सम्पवेल	96,300/-	10,000/-	09 माह	
6.	42/20-21	2020_PHED_108300_1	41.44 लाख	गुरूवाही (गानपुर)	50 कि.ली. टंकी	50,000/-	5,000/-	09 माह	
7.	43/20-21	2020_PHED_108303_1	43.88 लाख	चंदवार (करकेली)	50 कि.ली. टंकी	50,000/-	5,000/-	09 माह	

निविदा ऑनलाइन क्रय एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **07.10.2020 समय 5.30 सायं**

निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि 09.10.2020 समय 11.00 सुबह

निविदा शर्तें एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेवसाइट पर प्रदर्शित हैं। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेवसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला उमरिया

जी-14639/44480/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमांक-2, राजधानी परियोजना प्रशासन, ई-5 अरेरा कॉलोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल
दूरभाष - 0755-2465467
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीयन पंजीकृत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विवरण वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. चार इमली मुख्य सड़क क्रमांक-3 पर स्थित गुरू गोविन्द सिंह पार्क (एकान्त पार्क) में पुरानी उत्खनन संरचना की मौजूदा दानेदार सतह पर डिस्मेंटलिंग एवं पाथवे व कर्टन वॉल का तटबंध निर्माण कार्य।

एन.आई.टी. क्र. एवं दिनांक	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य की अनुमानित राशि (रु.)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	भौतिक रूप से एनक्लप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
3322/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108812_1	रुपये 19,93,000/- (उन्नीस लाख तिरानवे हजार)	रु. 39,860/-	रु. 2000/-	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्र.-2, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. चार इमली मुख्य सड़क क्रमांक-3 पर स्थित गुरू गोविन्द सिंह पार्क (एकान्त पार्क) में कांक्रीट मेसनरी ब्लॉक लगाने का व यूरिनल संरचना के खिड़की एवं दरवाजों का एल्युमीनियम कार्य एवं फेंसिंग पर ट्यूबलर मरम्मत का कार्य।

3323/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108813_1	रुपये 19,57,000/- (उन्नीस लाख सन्तावन हजार)	रु. 39,140/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. ग्राम बर्रई कटारा स्थित कैनाल सर्विस रोड के मरम्मत का कार्य।

3324/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108815_1	रुपये 4,38,000/- (चार लाख अड़तीस हजार)	रु. 8,760/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. सतपुड़ा भवन स्थित "सी" एवं "डी" विंग में मरम्मत कार्य।

3325/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108817_1	रुपये 19,95,000/- (उन्नीस लाख पिच्यानवे हजार)	रु. 39,900/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. विंध्याचल भवन स्थित राज्य होम्योपैथी विभाग पश्चिम मार्ग स्थित सेक्शन क्र-02 में आंतरिक साज-सज्जा का कार्य।

3326/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108818_1	रुपये 11,27,929/- (ग्यारह लाख सत्ताईस हजार नौ सौ उनतीस)	रु. 22,559/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. कोलार रोड स्थित मास्टर प्लान सड़क को जोड़ने वाली सड़क का उन्नयनीकरण कार्य।

3327/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108819_1	रुपये 19,79,800/- (उन्नीस लाख उन्यासी हजार आठ सौ)	रु. 39,596/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कैफेटेरिया के सामने स्थित प्रशासन ब्लाक पर पार्किंग शेड का निर्माण कार्य।

3328/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108820_1	रुपये 17,42,370/- (सत्रह लाख बयालीस हजार तीन सौ सत्तर)	रु. 34,847/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कैफेटेरिया ब्लॉक का उन्नयनीकरण का कार्य।

3329/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108821_1	रुपये 16,92,272/- (सोलह लाख बयानवे हजार दो सौ बहत्तर)	रु. 33,845/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. बर्रई कटारा स्थित पंडित दीनदयाल पार्क में स्मारक का लगाने का कार्य।

3330/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108822_1	रुपये 6,92,716/- (छः लाख बियानवे हजार सात सौ सोलह)	रु. 13,854/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. बरखेड़ा पठानी स्थित एम्स गेट के निकट स्थित अमरोल्ड पार्क सिटी के खाली क्षेत्र पर ह्यूम पाइप लगाने एवं फेस वॉल व सर्फेस ड्रेन का निर्माण कार्य।

3331/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108824_1	रुपये 4,92,404/- (चार लाख बियानवे हजार चार सौ चार)	रु. 9,848/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. मास्टर प्लान रोड चार बत्ती चौराहे से हिनोतिया आलम चौराहे के लिये कम्फर्ट स्कूल पर पुरानी संरचना व रिटेनिंग दीवार की मजबूतीकरण व अन्य विविध कार्य।

3332/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108825_1	रुपये 19,01,000/- (उन्नीस लाख एक हजार)	रु. 38,020/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 12. गुलमोहर कॉलोनी मास्टर प्लान से कोलार तिराहे तक खराब हिस्से का सुधार कार्य।

3333/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108827_1	रुपये 19,98,682/- (उन्नीस लाख अन्ठानवे हजार छः सौ बयासी)	रु. 39,974/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 13. स्वर्ण जयंती पार्क स्थित ह्यूम पाइप पाथवे गेबीयन संरचना एवं सिविल कार्य।

3334/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108828_1	रुपये 19,69,000/- (उन्नीस लाख उनहत्तर हजार)	रु. 39,380/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 14. कोलार स्थित वार्ड क्रमांक-83 में ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने व जोड़ने का कार्य।

3337/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108829_1	रुपये 9,68,483/- (नौ लाख अड़सठ हजार चार सौ तिरासी)	रु. 19,370/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 15. आशिमा मॉल से संत आसाराम चौराहे तक मास्टर प्लान सड़क चेनेज 970 से 1130 के बचे हुये हिस्से में डामरीकरण का कार्य।

3338/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108830_1	रुपये 19,02,452/- (उन्नीस लाख दो हजार चार सौ बावन)	रु. 38,051/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 16. सतपुड़ा भवन पीछे की ओर स्थित 'आई' टाईप क्वाटर्स का मरम्मत कार्य।

3339/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108831_1	रुपये 19,98,439/- (उन्नीस लाख अन्ठानवे हजार चार सौ उनतालीस)	रु. 39,969/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 17. सतपुड़ा भवन स्थित "बी" विंग एल्युमिनियम दरवाजों एवं खिड़कियों की मरम्मत कार्य। "बी" विंग स्थित का कार्य।

3340/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108832_1	रुपये 18,79,000/- (अठारह लाख उनासी हजार)	रु. 37,580/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 18. विंध्याचल भवन में सेनेटाइजर/डिस-इंफेक्शन व माईक्रो बियल पायेथोजन को मिनीमाईज (कोविड-19 को ध्यान में रखते हुये) का कार्य।

3341/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108833_1	रुपये 16,91,670/- (सोलह लाख इक्यान्वे हजार छः सौ सत्तर)	रु. 33,833/-	रु. 2000/-	– तदैव –

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 19. सतपुड़ा भवन में सेनेटाइजर/डिस-इंफेक्शन व माईक्रो बियल पायेथोजन को मिनीमाईज कार्य (कोविड-19 को ध्यान में रखते हुये) का कार्य।

3342/व.ले.लि./ 20-21 दि. 23.09.20	2020_ CPA_ 108835_1	रुपये 17,52,330/- (सत्रह लाख बावन हजार तीन सौ तीस)	रु. 35,047/-	रु. 2000/-	– तदैव –

उपरोक्त वेवसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय एवं डाउनलोड एवं प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 16.10.2020 समय 5.30 बजे** निर्धारित है। एनवलप "ए" में प्रतिपादित दस्तावेज दिनांक 19.10.2020 को अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
निर्माण संभाग क्रमांक-2
राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल

जी-14633/44479/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट
ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय, रेट्रोफिटिंग योजना अंतर्गत पेयजल प्रदाय प्रारंभ करने हेतु योजना संबंधी कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के **http://mptenders.gov.in** द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेंगी।
निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक	कार्य की अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में)	धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन खुलने की तिथि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
2020_PHED_109039_1	59/25.09.2020	284.64	284640/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
2020_PHED_109053_1	60/25.09.2020	293.48	293480/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109055_1	61/25.09.2020	358.26	358260/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109133_1	62/25.09.2020	242.79	242790/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109144_1	63/25.09.2020	201.26	201260/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109159_1	64/25.09.2020	343.28	343280/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109280_1	65/26.09.2020	268.33	268330/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109283_1	66/26.09.2020	260.13	260130/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109284_1	67/26.09.2020	265.40	265400/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109369_1	68/26.09.2020	268.25	268250/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	
2020_PHED_109373_1	69/26.09.2020	210.31	210310/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
नोट :- 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेण्डरिंग पोर्टल **(http://mptenders.gov.in)** में पंजीयन करायें। 2. "निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल **http://mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किये जायेंगे" निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री,
जी-14575/44473/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट
ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय, रेट्रोफिटिंग योजना अंतर्गत पेयजल प्रदाय प्रारंभ करने हेतु योजना संबंधी कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल **http://mptenders.gov.in** द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेंगी।
निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक	कार्य की अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में)	धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन खुलने की तिथि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
2020_PHED_109450_1	70/26.09.2020	277.22	277220/-	15000/-	9 माह	**12.10.2020**	14.10.2020	लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन
2020_PHED_109509_1	71/25.09.2020	317.28	317280/-	15000/-	9 माह	12.10.2020	14.10.2020	

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
नोट :- 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेण्डरिंग पोर्टल **(http://mptenders.gov.in)** में पंजीयन करायें। 2. "निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल **http://mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किये जायेंगे" निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री,
जी-14571/44472/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन
फोन नं. : 07282-231402, eephedkhr@nic.in
निविदा सूचना क्रमांक 43/2020-21

कार्य का विवरण :- खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाईन, आर.सी.सी. टंकी/संपवेल, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरों पर, निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम टेण्डर नं. (2020_PHED)	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या/ग्राम का नाम	कार्य की अनुमानित लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी नवीन पंजीयन अंतर्गत
109386	सेगांव/ खरगोन	बनिहार, केशवपुरा, रामपुरा, भसनेर, कमोदवाड़ा, जमोठी	33.46 लाख	50000	5000	02 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
109387	झिरन्या	अंजनगांव, वोरूठ, नेमित, सोनखेड़ी, राजपुरा	146.45 लाख	146500	12500	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
109403	भगवानपुरा	भातुड़, सुखपुरी, गारी, माण्डवखेड़ा, बन्दुर	136.27 लाख	136300	12500	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
109404	गोगांवा	दयालपुरा, मांगरूल खुर्द, जामन्या, कुण्डिया, रूपखेड़ा (3 फा.) पिपरखेड़ा	77.87 लाख	77900	10000	04 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

1. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - **09.10.2020, समय - 17.30 बजे।**
2. ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 12.10.2020
3. निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (ऑनलाइन सिस्टम) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-14576/44474/2020 **लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड खरगोन**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना मण्डल
राजधानी परियोजना प्रशासन, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
दूरभाष - 0755-2463365
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. बरई-कटारा हिल्स गांव, भोपाल स्थित पार्क में पार्किंग विकसित करने एवं पाथवे का कर्वस्टोन बाउण्ड्री का कार्य।

एन.आई.टी. क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाखों में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय
167/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 23.09.2020	2020_CPA_108512_1	रु. 39,97,898/- (रु. उनचालीस लाख सन्तानव्वे हजार आठ सौ अंठानव्वे)	रु. 50,000/-	रु. 5,000/-	अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल
2. वार्ड-81 कोलार पुलिस स्टेशन मार्ग, भोपाल स्थित को-ऑर्डिनेशन मार्ग का मजबूतीकरण कार्य।					
168/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 23.09.2020	2020_CPA_108514_1	रु. 39,78,800/- (रु. उनचालीस लाख अठहत्तर हजार आठ सौ)	रु. 50,000/-	रु. 5,000/-	- तदैव -
3. रोहित नगर फेस-1 भोपाल में लेस पर्ल रेसिडेन्सी से अभिनव आर्केड तक रोड साईड ड्रेन का उन्नयनीकरण एवं चौराहे में कवर्ड क्रॉसिंग ड्रेन का कार्य।					
169/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 23.09.2020	2020_CPA_108520_1	रु. 38,78,058/- (रु. अड़तीस लाख अठहत्तर हजार अड़ावन)	रु. 50,000/-	रु. 5,000/-	- तदैव -

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.10.2020 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। वांछित दस्तावेज दिनांक 9.10.2020 को अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

अधीक्षण यंत्री
राजधानी परियोजना मण्डल, राजधानी परियोजना प्रशासन,
जी-14593/44476/2020 **ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, दूरभाष - 0755-2463365**

सौरभ मेहता

फोन से लार की जांच के लिये भारतवंशी की टीम को मिला पुरस्कार

मोबाइल फोन से लार के जरिये संक्रामक रोगों और

पोषक तत्वों की कमी का पता लगाने वाली त्वरित प्रणाली विकसित करने के लिये भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक सौरभ मेहता और उनकी टीम को एक लाख डॉलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सौरभ मेहता की अगुवाई वाले कॉरनेल के शोधकर्ता दल को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के टेक्नोलॉजी एक्सिलरेटर चैलेंज पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

एलेक्सी नवेलनी

रूसी विपक्षी नेता कोमा से बाहर निकले

जर्मनी में इलाज करा रहे रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी

नवेलनी ने कोमा से बाहर आने के बाद सभी चिकित्साकर्मियों का धन्यवाद अदा किया है। नवेलनी की साइबेरिया से मॉस्को की उड़ान के दौरान तबीयत खराब हो गयी थी। वे 20 अगस्त 2020 से बेहोशी की अवस्था में थे। चिकित्साकर्मियों ने बर्लिन के अस्पताल में भर्ती कराने के पहले प्राथमिक चिकित्सा दे कर उनकी जान बचाने में मदद की थी।

एमी कोने बैरेट

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की जज नामित

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विपक्ष के विरोध

के बावजूद सुप्रीम कोर्ट में नये जज के लिये एमी कोने बैरेट को नामित किया है। उन्हें दिवंगत जस्टिस रूथ बेडर गिंसबर्ग की जगह सुप्रीम कोर्ट का जज नामित किया गया है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी का कहना है कि राष्ट्रपति चुनाव होने में केवल 2 माह का समय है। इसलिये नये जज की नियुक्ति का काम चुनाव के बाद नये राष्ट्रपति को करना चाहिये।

म्यूजियम ऑफ फ्यूचर

दुबई में बनकर हो रहा तैयार

संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई में 'म्यूजियम ऑफ

फ्यूचर' का निर्माण कार्य जोरों पर है। इस अनोखे म्यूजियम को इसी साल के आखिर तक आम जनता के लिये खोलने का लक्ष्य है। आँख की आकृति वाली इस इमारत को दुनिया का सबसे जटिल स्थापत्य भी माना जा रहा है। इसकी बाहरी सतह पर स्टील की पट्टियों से अरबी में कविताएं और प्रेरक वाक्य उकेरे गये हैं।

सचा देशमुख

यूनिसेफ से दिया इस्तीफा

यूनिसेफ की ब्रिटिश शाखा के प्रमुख भारतीय मूल के सचा देशमुख ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अप्रैल 2020 में यूनिसेफ की ब्रिटिश शाखा में कार्यकारी निदेशक का पद संभालने वाले सचा ने कहा कि ऑफिस

के अंदरूनी बुरे हालातों के बीच फ्री हैंड काम नहीं करने की परेशानी के चलते वे पद से इस्तीफा दे रहे हैं। यूनिसेफ प्रवक्ता ने बताया कि सचा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। वे नये प्रमुख के आने तक फिलहाल पद पर बने रहेंगे।

वेबली स्कॉट रिवॉल्वर

हरदोई में होगी बनकर तैयार

उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले में इंग्लैंड की मशहूर कंपनी



वेबली स्कॉट रिवॉल्वर का उत्पादन करने जा रही है। यह भारत में फायर आर्म्स बनाने वाली पहली विदेशी कंपनी होगी। कंपनी ने लखनऊ के सियाल मैन्युफैक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड से करार किया है। यहां बनने वाली रिवॉल्वरों पर मेक इन इंडिया की मुहर लगेगी।

मिस्र

36 फीट गहरे कुएं में ढाई हजार साल पुराने रंग-बिरंगे ताबूत मिले

मिस्र की राजधानी काहिरा के सक्कारा में ढाई हजार

साल पुराने 27 रंग-बिरंगे ताबूत मिले हैं। पुरातत्वविदों ने कहा कि यह अब तक की सबसे बड़ी खोज है। उन्होंने कहा कि पहले 13 और बाद में 14 ताबूत मिले। मिस्र के मंत्री खालिद अल अनाजी ने कहा है कि ये ताबूत 36 फीट गहरे कुएं के अंदर मिले हैं। ज्ञात रहे कि सक्कारा को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया है।

ब्लैक होल

चारों तरफ एक्स किरणों का पता चला

भारतीयों की अगुवाई वाली अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों की

एक टीम को ब्लैक होल की सीमा की पहचान करने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। वैज्ञानिकों ने ब्लैक होल के चारों ओर एक विशेष तरह की एक्स - किरणों को ढूंढ़ निकाला है। ये किरणें ब्रह्मांड में मौजूद अन्य पिंडों और ब्लैक होल को स्पष्ट रूप से अलग करती हैं, जो द्रव्यमान और आकार में उसके बराबर हैं।

जस्टिस संजय यादव

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस बने

केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट

के वरिष्ठ जज संजय यादव को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी है। नियुक्ति आदेश 30 सितम्बर से प्रभावशील होगा। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अजय कुमार मित्तल के सेवानिवृत्त होने से यह पद रिक्त हुआ था।

चूहे को

बारूदी सुरंगें खोजने पर मिला बहादुरी पुरस्कार

कंबोडिया में मागावा नाम के चूहे को 39 से ज्यादा

बारूदी सुरंगें और 28 अन्य विस्फोटक डिवाइस खोजने के लिये बहादुरी पुरस्कार दिया गया है। मागावा अफ्रीकी नस्ल का चूहा है। इसे ब्रिटेन की चेरिटी संस्था पीडीएसए ने गोल्ड मैडल से सम्मानित किया है। मागावा ने लगभग 1,41,000 वर्ग मीटर (करीब 20 फुटबॉल मैदान जितना) के इलाके को बारूदी सुरंगों से मुक्ति दिलायी है।

म्या रोज क्रेग

बर्फ के बीच युवा पर्यावरण कार्यकर्ता का विरोध प्रदर्शन

ब्रिटेन की युवा पर्यावरण कार्यकर्ता म्या रोज क्रेग ने

जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता के लिये आर्कटिक सर्कल में बर्फ के बीच प्रदर्शन किया। क्रेग के हाथों में तख्ती थी जिस पर लिखा था - जलवायु की रक्षा के लिये युवा संघर्ष करें। क्रेग ने कहा कि हमारी पीढ़ी जलवायु परिवर्तन के नुकसान से वाकिफ है।

सुनील सेठी

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सलाहकार बने

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने सुनील सेठी को

सलाहकार नियुक्त किया है। राष्ट्रीय हस्तकला अकादमी के पूर्व सलाहकार रहे सेठी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के बोर्ड सदस्य रह चुके हैं। वे रितु बेरी की जगह इस पद पर एक साल तक रहेंगे। वे फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हैं।

एस्ट्रोनॉट केट रूबिंस

अंतरिक्ष से डालेंगी वोट

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा की एस्ट्रोनॉट केट

(कैथलीन) रूबिंस राष्ट्रपति चुनाव में अंतरिक्ष से वोट देने की योजना बना रही हैं। केट रूबिंस 2009 में नासा में शामिल हुईं। उन्होंने 2016 में अभियान 48/49 चालक दल के सदस्य के रूप में अपना पहला अंतरिक्ष अभियान पूरा किया था। ज्ञात रहे कि 3 नवम्बर को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिये वोटिंग होगी।

गिरधर व्यास

विश्व पर्यटन दिवस पर किया लंबी मूंछों का प्रदर्शन

राजस्थान अपनी संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहरों के

लिये देश ही नहीं दुनियाभर में खास पहचान रखता है। विश्व पर्यटन दिवस की पूर्व संध्या पर बीकानेर में अपनी खास दाढ़ी-मूंछ का प्रदर्शन करते गिरधर व्यास ने सभी का मन मोहा, उन्होंने बड़ी मूंछे होने का दावा करने के साथ पर्यटन दिवस को मनाने के मकसद पर भी अपने विचार रखे। गिरधर व्यास अपनी लंबी मूंछों के लिये देश-दुनिया में जाने जाते हैं।

ब्रिटेन की महारानी

कोरोना काल में व्यावसायिक संपत्ति में दर्ज हुई 17 फीसदी की गिरावट

कोविड-19 के कारण इंग्लैंड में व्यावसायिक संपत्तियों

की कीमतें खासकर शॉपिंग मॉल्स और स्टोर्स पर बुरा प्रभाव पड़ा है। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की कुल संपत्तियों में 17 शॉपिंग और लीजर सेंटर भी शामिल हैं। इस साम्राज्य की संपत्तियों का प्रबंधन करने वाली कंपनी क्राउन एस्टेट ने बताया कि महारानी की संपत्ति वैल्यू में 17 फीसदी की गिरावट आई है।

शिवांगी सिंह

राफेल स्क्वॉड्रन की पहली महिला पायलट बनीं

फाइटर पायलट शिवांगी सिंह राफेल स्क्वॉड्रन की

पहली महिला पायलट बनी हैं। काशी की रहने वाली शिवांगी फिलहाल अंबाला में प्रशिक्षण ले रही हैं। शिवांगी इससे पहले मिग-21 उड़ा चुकी हैं। अब वो राफेल के गोल्डन एरो स्क्वॉड्रन टीम में शमिल हो गयी हैं। शिवांगी एयरक्राफ्ट उड़ाने में माहिर हैं।

स्मृति शेष

बॉलीवुड के मशहूर गायक एस.पी. बालासुब्रमण्यम का निधन

बॉलीवुड के मशहूर गायक एस.पी. बाला-

सुब्रमण्यम का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ्य थे। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनके ज्यादातर गाने सुपरहिट रहे हैं। उन्होंने दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी अपने गायन का डंका बजा रखा था।

अमेरिका में भारत के आध्यात्मिक गुरू प्रत्यागबोधनंद का निधन

अमेरिका में पिछले कई दशकों से वैदिक शिक्षा प्रदान

कर रहे आर्श विद्या गुरुकुलम के उपाध्यक्ष स्वामी प्रत्यागबोधनंद का 69 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 1986 में स्थापित गुरुकुलम का 20 सितम्बर को 34वां वर्षगांठ समारोह था, इसी कार्यक्रम के बाद आध्यात्मिक गुरू को सीने में दर्द होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

देश के पूर्व रक्षामंत्री जसवंत सिंह का निधन

पूर्व रक्षामंत्री जसवंत सिंह का 84 वर्ष की उम्र में

निधन हो गया है। वे अगस्त 2014 में अपने घर में गिरने के बाद से कोमा में थे। अटल विहारी वाजपेयी सरकार में जसवंत सिंह वित्त, रक्षा और विदेश मंत्रालय का दायित्व निभा चुके हैं। राजस्थान स्थित बाड़मेर जिले के जसोल में जन्में जसवंत सिंह ने सेना में रहकर अपनी सेवाएं दी थीं।

देश की प्रख्यात अर्थशास्त्री इशर अहलूवालिया का निधन

प्रख्यात अर्थशास्त्री और भारत के तीसरे सबसे

बड़े नागरिक सम्मान पद्मभूषण से सम्मानित इशर जज अहलूवालिया का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके पति मोटेक सिंह अहलूवालिया योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इशर लंबे समय तक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों पर भारतीय अनुसंधान परिषद की चेयरपर्सन रही थीं।

वीर चक्र से सम्मानित एयर मार्शल एम.एम. सिंह का निधन

वर्ष 1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान

बहादुरी के लिये वीर चक्र से सम्मानित एयर मार्शल (रिटायर्ड) मनमोहन सिंह का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। रिटायरमेंट के बाद से सिंह चंडीगढ़ में निवासरत थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सफलता प्राप्त करने के लिये जीवन में समय प्रबंधन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है - रिचर्ड फ्रांसिस

कॅरियर की राहें

योग के क्षेत्र में बढ़ रहे हैं कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

भारतीय उद्योग एवं वाणिज्य संगठन एसोचैम के द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में करीब 20 करोड़ लोग योग सीख रहे हैं। भारत में योग ट्रेनिंग का कारोबार लगभग 2.5 हजार करोड़ रुपये हो चुका है। इसमें योग शिविर, कॉर्पोरेट्स कंपनियों को दी जाने वाली ट्रेनिंग और प्राइवेट ट्रेनिंग शामिल है। भारत में योग से जुड़े उत्पादों का बाजार बढ़कर करीब 120 अरब रुपये तक पहुंच चुका है।

देश में तीन लाख से अधिक योग प्रशिक्षकों की जरूरत

उल्लेखनीय है कि एक ओर जहां योग की ट्रेनिंग से संबंधित कार्य में रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर योग से जुड़े उत्पादों के बाजार में भी रोज़गार के मौके छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। एसोचैम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में ही 3 लाख से अधिक योग प्रशिक्षकों की जरूरत है।

योग के क्षेत्र में रोज़गार और बाजार की संभावनाओं को लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा था कि आप सुबह पार्कों में जाकर देखेंगे तो पायेंगे कि किस तरह लोग योग क्लब बनाकर योग करने के लिये घरों से बाहर निकल रहे हैं। इसलिये जो सबसे महत्वपूर्ण चीज थी- लोगों की सोच में परिवर्तन, वो तो आ चुका है। समाज के एक बड़े वर्ग में योग लोगों की जिंदगी में शामिल हो गया है। आप अगर योग का एक बाजार के तौर पर विश्लेषण करेंगे, तो पायेंगे कि पिछले पांच वर्षों में योग एक कमोडिटी बन गया है और योग के क्षेत्र में कॅरियर के अच्छे मौके तेजी से उभरकर सामने आये हैं।

भारत की प्राचीन धरोहर है योग विद्या

गौरतलब है कि योग का विकास भारतीय मनीषियों के शोध और चिंतन-

मनन के बाद करीब पांच हजार वर्ष पूर्व हुआ था। योग की विधा भारत की प्राचीन धरोहर है। योग का जिक्र ऋग्वेद में भी किया गया है। उपनिषद में भी योग से मिलते-जुलते शारीरिक आसनों या अभ्यासों का उल्लेख मिलता है। योग के मौजूदा स्वरूप का वर्णन कठोपनिषद में किया गया है। भगवद गीता के साथ-साथ महाभारत के शांतिपर्व में भी योग के विवरण मिलते हैं। सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेषों में योग की मुद्रा में आकृतियां विराजमान पाई गई हैं।

योग में हैं कॅरियर की बहुआयामी संभावनाएं

ज्ञातव्य है कि श्वास पर नियंत्रण, मस्तिष्क पर नियंत्रण, मुद्राओं पर नियंत्रण तथा नैतिक सिद्धांतों पर आधारित योग एक दार्शनिक सिद्धांत है, जिसका उद्देश्य शरीर और मस्तिष्क के बीच सही संतुलन के विकास से शरीर को स्वस्थ रखना है। योग

एक प्राचीन भारतीय जीवन-पद्धति है, जिसकी मदद से शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम किया जाता है। शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने में भी यह सहायक है। योग के माध्यम से न सिर्फ बीमारियों को दूर किया जा सकता है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक तकलीफों का भी इलाज किया जा सकता है। योग शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाकर जीवन में नव-ऊर्जा का संचार करता है। ये विचारों पर संयम रखने का भी साधन है। साथ ही योग के आसन और मुद्राएं तन एवं मन दोनों को क्रियाशील बनाये रखती हैं। ऐसे में योग के विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर की बहुआयामी संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं।

ज्ञातव्य है कि योग के तीन पहलू हैं- 1. प्राणायाम अर्थात श्वास पर नियंत्रण, 2. आसन अर्थात मुद्राओं पर नियंत्रण तथा 3. ध्यान अर्थात मन पर नियंत्रण। योग बहुत किफायती है तथा इसके लिये किसी भी तरह के उपकरणों तथा बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती है तथा सभी लोग इसे सरलता से अपना सकते हैं। योग में मानसिक तनाव को कम करने की काफी क्षमता है। यह शरीर को लचीला और फिट बनाये रखता है। योग केवल व्यायाम ही नहीं है अपितु योग, विज्ञान की तरह लाभप्रद भी है। खासतौर से प्राणायाम, फेफड़ों की क्षमता में चमत्कारिक वृद्धि कर उन्हें अधिक सक्षम बनाते हैं, जिसके कारण फेफड़े न केवल शरीर में अधिक ऑक्सीजन पहुंचाते हैं, बल्कि खून का शुद्धिकरण भी करते हैं। योग में व्यक्ति की आंतरिक प्रतिरोधक क्षमता का प्राकृतिक ढंग से विकास भी किया जाता है, ताकि दवाइयों के बिना भी व्यक्ति का उपचार संभव हो जाये।

योग दिवस के बाद वैश्विक स्तर पर बढ़े रोज़गार के मौके

यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल से दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा है। हर साल 21 जून को यह दिवस मनाया जाता है। 21 जून साल का सबसे लंबा दिन होता है और योग भी लंबी आयु के लिये जरूरी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए योग दिवस मनाने की न्यायसंगतता बताई थी। कालांतर में 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी के बाद वर्तमान समय में योग का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। विश्व के अधिकांश देशों के नागरिक अब योग को जीवन के एक मार्ग के रूप में स्वीकार कर चुके हैं। योग के फायदे से आज सभी लोग परिचित हैं, इसी वजह से आज योग विदेशों में भी बहुत लोकप्रियता अर्जित कर रहा है तथा विदेशों से बड़ी संख्या में लोग भारत आकर भारतीय योग से लाभांवित हो रहे हैं। इसके साथ ही भारतीय योग गुरू विदेशों में जाकर विदेशियों को योग के माध्यम से रोगमुक्त कर रहे हैं।

योग के क्षेत्र में कॅरियर

यह बात महत्वपूर्ण है कि इस समय कोविड-19 की वजह से दुनिया भर में हाहाकार मचा हुआ है। दुनिया के तमाम देश इस वक्त कोविड-19 जैसी जानलेवा बीमारी के दौर से गुजर रहे हैं। मानव जीवन पर प्रहार करने के साथ इस बीमारी ने दुनियाभर की अर्थव्यवस्था को भी चौपट करके रख दिया है। वैश्विक स्तर पर इस वायरस ने लाखों लोगों की जान ले ली है। निसंदेह इस समय योग कोविड-19 से जंग में शरीर की मजबूत रोग प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण हथियार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा कोरोना महामारी से बचाव के लिये जो एडवाइजरी जारी की गई है, उसमें शरीर की स्वच्छता और प्रतिरक्षा को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। ऐसे में योग दुनियाभर में कोरोना जैसे वायरस से लड़ने में अत्यंत मददगार बन गया है और कॅरियर के रूप में नई पीढ़ी को रोज़गार के मौके देते हुये दिखाई दे रहा है।

अमेरिका के एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के द्वारा शोध अध्ययन के बाद जारी किये गये नये स्वास्थ्य दिशा-निर्देश उल्लेखनीय हैं, इन निर्देशों में कहा गया है कि योग, ध्यान एवं सांस लेने पर नियंत्रण, शांत होने के कुछ सही एवं आजमाये हुये तरीके हैं। इसी तरह यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया और यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स की मेडिकल अध्ययन रिपोर्ट में पाया गया है कि योग करने से ऐसे लोगों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है जो अवसाद ग्रस्त हैं, किसी घटना के कारण तनाव से गुजर रहे हैं, जिन्हें सिजोफ्रेनिया, बेचैनी, शराब की लत और बाइपोलर दिक्कतें हैं।

कोविड-19 के बीच बढ़ीं ऑनलाइन योग की कक्षाएं

कोविड-19 के बीच जिस तरह ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से योग

प्रशिक्षकों ने देश और दुनिया को स्वस्थ रखने और बीमारियों से बचाने में प्रभावपूर्ण भूमिका निभाई उससे योग मानव सेवा वाले कॅरियर के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है। इस समय कोविड-19 के बीच रोज़गार छंटनी, मंदी, प्रतिस्पर्धा और वेतन कटौती जैसे अकल्पनीय परिदृश्य ने दुनिया के करोड़ों लोगों के जीवन को अधिक कठिन और तनावपूर्ण बना दिया है, तब योग से निर्मित सकारात्मक ऊर्जा ऐसे पीड़ित और निराश लोगों को निराशाओं और डिप्रेशन से बचाते हुये दिखाई दे रही है। कोविड-19 और लॉकडाउन के बीच इस बात की व्यापक स्वीकार्यता मिली है कि योग ने मधुमेह, अस्थमा, अर्थराइटिस, हृदय रोग और कई अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को बड़ी राहत दी है। ऐसे में देश ही नहीं पूरी दुनिया के करोड़ों लोगों ने कोविड-19 की चिंताओं और तनावों से बचने के लिये योग को दैनिक जीवनचर्या का अभिन्न भाग बना लिया है। कोविड-19 के बीच योग जीवन में सामंजस्य और शांति का आधार बन गया है। लोगों में योग सीखने और योग अभ्यास करने के प्रति रुचि बढ़ी है। यह एक लाभप्रद परिदृश्य है।

वैश्विक कॅरियर के रूप में योग की नई अहमियत

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि संयुक्त राष्ट्र के द्वारा वैश्विक योग दिवस घोषित

किये जाने के बाद योग के क्षेत्र में रोज़गार के अवसर देश की सीमाओं को लांघते हुये वैश्विक हो गये हैं। अब कोविड-19 के कारण योग के क्षेत्र में रोज़गार के मौके और तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में योग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिये योग प्रशिक्षक बनना होता है। गुरु-शिष्य परंपरा के जरिये योग सीखकर अनेक लोग आज शिखर पर हैं। अभ्यास के जरिये योग को सीखा जाता है, लेकिन अब योग्य एवं प्रशिक्षित योग शिक्षक बनने के लिये विधिवत शिक्षण और प्रशिक्षण की आवश्यकता बढ़ गई है।

योग संबंधी विभिन्न कोर्स

वर्तमान में ऐसे कई कॉलेज हैं जो योग में डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्सेज़ की पढ़ाई करा रहे हैं। योग में 3 साल की डिग्री के अलावा 1 साल, 6 माह तथा 3 माह के डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कोर्सेज़ तक उपलब्ध हैं। बैचलर ऑफ़ योग, मास्टर ऑफ योग, पीजी डिप्लोमा इन योग थेरेपी आदि कोर्सेज की आज काफी डिमांड है।

योग के क्षेत्र में कहां-कहां हैं रोज़गार और स्वरोज़गार के मौके

योग के क्षेत्र में विभिन्न तरह के रोज़गार के मौके बढ़ते जा रहे हैं। योग शिक्षा एवं प्रशिक्षण लेने के उपरांत प्राइवेट अथवा सरकारी दोनों सेक्टर में रोज़गार के अवसर हैं। इसके अलावा अपना स्वयं का योग सेंटर भी खोला जा सकता है। योग के क्षेत्र में कोर्स करने के उपरांत योग इंस्ट्रक्टर, योग थैरेपिस्ट, योग एडवाइज़र, योग स्पेशलिस्ट, योग प्रैक्टीशनर, योग टीचर, रिसर्च ऑफिसर-योग एंड नैचुरोपैथी, योग ऐरोबिक इंस्ट्रक्टर, योग कंसल्टेंट आदि बना जा सकता है। आजकल कई कंपनियां अपने कर्मचारियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिये स्ट्रेस मैनेजमेंट की क्लास का आयोजन कराती हैं, जिसमें योग गुरू की जरूरत होती है।

कोविड-19 के बीच स्कूलों एवं कॉलेजों में भी अब बड़ी संख्या में योग शिक्षकों की नियुक्तियां की जाने लगी हैं। इतना ही नहीं मरीज जल्दी ठीक हो सकें इसके लिये अस्पतालों में मरीज को योग भी कराया जाता है, जिसके लिये योग चिकित्सकों को हायर किया जाता है। स्वास्थ्य केन्द्रों पर योग एक्सपर्ट्स विशेष रूप से रखे जाते हैं। हाउसिंग सोसाइटियों में भी योग क्लासेस का चलन दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। बड़ी-बड़ी हस्तियां आज निजी तौर पर योग टीचर रखती हैं और उन्हें भारी-भरकम तनख्वाह देती हैं।

योग में कॅरियर बनाने के लिये जरूरी स्किल्स

योग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिये शांत स्वभाव, आध्यात्मिकता की ओर रुझान, अन्य लोगों के साथ समूह में कार्य करने में आनंद का अनुभव करने की प्रवृत्ति वाला तथा अच्छा वक्ता होना भी जरूरी है। अपनी बात योग के माध्यम से समझाने का तरीका आना चाहिये। इसके अलावा एक सफल योग प्रशिक्षक बनने के लिये जरूरी है कि योग के बारे में पूरी जानकारी हो।

निश्चित रूप से एक योग प्रशिक्षक अपना अच्छा स्वास्थ्य बनाये रखते हुये स्वास्थ्य सेवा और मानव सेवा का संतोष भी अपनी मुट्ठियों में समाहित कर सकता है।

अच्छे प्रतिष्ठित योग संस्थान का करें चयन

निसंदेह कोविड-19 के बाद की दुनिया में योग का महत्व और तेजी से बढ़ेगा जिसे

देखते हुये यह कहा जा सकता है कि योग एक अच्छे कॅरियर विकल्प के रूप में दिखाई देगा। मध्यप्रदेश और देश में योग का कोर्स कराने वाले कई मान्यता प्राप्त संस्थान हैं, जहां से योग से संबंधित उपयुक्त कोर्स करके योग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में प्रतिष्ठित हैं।)

जिन्होंने विफलता का स्वाद चख लिया उन्हें सफलता का आनंद जीवन भर सुख देता है - जोसेफ फेर्रेल

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

अर्थशास्त्र

1. मिश्रित अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्रों के हिस्से किस अनुपात में रहते हैं -
(अ) 50 : 50
(ब) 40 : 60
(स) 60 : 40
(द) अनिश्चित
उत्तर- (द) अनिश्चित
व्याख्या- मिश्रित अर्थव्यवस्था में दोनों क्षेत्र सक्रिय कार्य करते हैं, परन्तु इनका अनुपात निश्चित नहीं होता है।

2. सार्वजनिक क्षेत्र से तात्पर्य है -
(अ) वाणिज्य व व्यापार पर सरकार का स्वामित्व
(ब) वाणिज्य व व्यापार पर निजी व्यक्तियों का स्वामित्व
(स) वाणिज्य व व्यापार पर निजी व्यक्तियों का मौलिक रूप से स्वामित्व, जिसे सरकार ने अधिग्रहित कर लिया हो।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (अ) वाणिज्य व व्यापार पर सरकार का स्वामित्व
व्याख्या- वाणिज्य व व्यापार पर जब सरकार का 51% या अधिक का स्वामित्व हो तो उसे सार्वजनिक क्षेत्र कहा जाता है।

3. लर्नर के अनुसार मिश्रित अर्थव्यवस्था है -
(अ) खुली अर्थव्यवस्था
(ब) बन्द अर्थव्यवस्था
(स) नियंत्रित अर्थव्यवस्था
(द) अनियंत्रित अर्थव्यवस्था
उत्तर- (स) नियंत्रित अर्थव्यवस्था
व्याख्या- मिश्रित अर्थव्यवस्था में सरकार निजी क्षेत्र पर नियंत्रण रखती है।

4. मिश्रित अर्थव्यवस्था की विशेषता है -
(अ) कीमत संयंत्र की क्रियाशीलता
(ब) आर्थिक स्वतंत्रता
(स) आर्थिक नियोजन
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या कीमत संयंत्र की क्रियाशीलता तथा आर्थिक स्वतंत्रता निजी क्षेत्र की विशेषता होती है, जबकि आर्थिक नियोजन सार्वजनिक क्षेत्र की विशेषता होती है। मिश्रित अर्थव्यवस्था में इन दोनों क्षेत्रों की विशेषता सम्मिलित होती है।

5. विकासशील देशों में नियोजन के वित्त पोषण में कौनसा घटक आन्तरिक स्त्रोत का अंग नहीं है -
(अ) कर साधन
(ब) गैर कर साधन
(स) आन्तरिक बचत
(द) विदेशी अनुदान
उत्तर- (द) विदेशी अनुदान
व्याख्या- विदेशी अनुदान बाह्य स्त्रोत है।

6. विकासशील देशों के नियोजन में प्राथमिकता किस घटक को दी जानी चाहिये -
(अ) ऊपरी ढ़ाचे का निर्माण
(ब) संतुलित विकास
(स) आयात प्रतिस्थापन
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या- नियोजन के उद्देश्य उपरोक्त सभी होते हैं।

7. विकास नियोजन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य है -
(अ) अधिक आर्थिक समानता की अवस्था सुनिश्चित करना
(ब) अधिक आर्थिक संवृद्धि और विकास की अवस्था सुनिश्चित करना
(स) अधिक पूंजी निर्माण एवं निवेशों का प्रावधान उपलब्ध करना
(द) पूर्ण रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाना
उत्तर- (ब) अधिक आर्थिक संवृद्धि और विकास की अवस्था सुनिश्चित करना।
व्याख्या- आर्थिक संवृद्धि और विकास प्राप्त करना नियोजन के उद्देश्य होते हैं।

8. रोज़गार की वह स्थिति जिसमें कृषि श्रम की सीमान्त उत्पादकता शून्य होती है, कौनसी है -
(अ) संस्थानागत बेरोज़गारी
(ब) प्रच्छन्न बेरोज़गारी
(स) चक्रीय बेरोज़गारी
(द) मौसमी बेरोज़गारी
उत्तर (ब) प्रच्छन्न बेरोजगारी

9. यदि एक अर्थव्यवस्था अपनी आय का 20 प्रतिशत निवेश कर रही है और पूंजी उत्पाद अनुपात 1/4 है, जनसंख्या वृद्धि की दर 2 प्रतिशत है तो अर्थव्यवस्था की सामान्य वृद्धि दर क्या होगी -
(अ) 5 प्रतिशत
(ब) 10 प्रतिशत
(स) 2 प्रतिशत
(द) 3 प्रतिशत
उत्तर- (द) 3 प्रतिशत
व्याख्या- पूंजी उत्पाद अनुपात 1:4 है अर्थात् 4 इकाई उत्पादन के लिये। इकाई पूंजी की आवश्यकता है, निवेश 20 प्रतिशत है तो वृद्धि दर होगी 20/4 = 5% चूंकि जनसंख्या भी 2 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है तो सामान्य वृद्धि दर होगी 5-2 = 3%

10. विकास अर्थशास्त्र में द्वैतवाद से अभिप्राय है -
(अ) द्वैत कीमत नीति से
(ब) सार्वजनिक तथा पारम्परिक क्षेत्रों का सह-अस्तित्व
(स) आधुनिक व पारम्परिक क्षेत्रों का सहअस्तित्व
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (स) आधुनिक व पारम्परिक क्षेत्रों का सहअस्तित्व
व्याख्या- द्वैतवाद अर्थात दो प्रकार की अर्थव्यवस्था का अस्तित्व में होना।

11. आर्थिक विकास के लिये मिश्रित अर्थव्यवस्था का समर्थन किस अर्थशास्त्री ने किया था -
(अ) एडम स्मिथ
(ब) जे.बी. से
(स) जे.एम. कीन्स
(द) मार्शल
उत्तर- (स) जे.एम. कीन्स

12. आधुनिक समय में विकासशील देशों द्वारा किस प्रणाली को वरीयता प्रदान की गई है -
(अ) पूंजीवादी आर्थिक प्रणाली
(ब) समाजवादी आर्थिक प्रणाली
(स) मिश्रित आर्थिक प्रणाली
(द) उपरोक्त में से कोई भी
उत्तर- (स) मिश्रित आर्थिक प्रणाली
व्याख्या- मिश्रित आर्थिक प्रणाली में पूंजीवादी व समाजवादी आर्थिक प्रणाली दोनों के गुण होते हैं।

13. रोस्टोव द्वारा प्रतिपादित विकास अवस्थाओं में अन्तिम अवस्था है -
(अ) आत्मस्फूर्ति की अवस्था
(ब) परिपक्वता की ओर अग्रसर
(स) अत्यधिक उपभोग की अवस्था
(द) विलासिता की अवस्था
उत्तर- (स) अत्यधिक उपभोग की अवस्था
व्याख्या- यह पांचवी व अन्तिम अवस्था है।

14. स्वर्ण युग का विचार किसने प्रस्तुत किया है -
(अ) हैरोड
(ब) जॉन रॉबिन्सन
(स) फ्रीडमैन
(द) मार्शल
उत्तर (ब) जॉन रॉबिन्सन

15. भारत की दूसरी पंचवर्षीय योजना महालनोबिस के किस मॉडल पर आधारित थी -
(अ) एक क्षेत्रीय
(ब) द्वि-क्षेत्रीय
(स) त्रि-क्षेत्रीय
(द) चार क्षेत्रीय
उत्तर- (द) चार क्षेत्रीय

16. आर्थिक विकास के लिये 'अहस्तक्षेप नीति' आवश्यक है। इस विचार से कौन से अर्थशास्त्री सहमत थे -
(अ) एडम स्मिथ
(ब) मार्शल
(स) शुम्पीटर
(द) पीगू
उत्तर- (अ) एडम स्मिथ
व्याख्या- एडम स्मिथ सरकार के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करते थे।

17. प्रतिष्ठित विकास मॉडल में विकास के कारण उत्पन्न हुई बेरोज़गारी कैसी होती है -
(अ) अल्पकालीन
(ब) दीर्घकालीन
(स) स्थैतिक
(द) अनिश्चित
उत्तर- (अ) अल्पकालीन
व्याख्या- यह बेरोज़गारी अल्पकालीन होती है, जिसे समयानुसार अर्थव्यवस्था स्वयं संतुलन में ले आती है।

18. वैज्ञानिक समाजवाद का संबंध है -
(अ) कार्ल मार्क्स से
(ब) जे.बी. से
(स) मार्शल से
(द) पीगू से
उत्तर- (अ) कार्ल मार्क्स से

19. डोमर ने अपने विकास मॉडल में प्रयोग किया था -
(अ) पूँजी उत्पाद अनुपात व गुणक का
(ब) पूँजी उत्पाद अनुपात व त्वरक का
(स) पूँजी उत्पाद अनुपात एवं गुणक का व्युत्क्रम
(द) पूँजी उत्पाद अनुपात एवं त्वरक का व्युत्क्रम
उत्तर- (स) पूँजी उत्पाद अनुपात एवं गुणक का व्युत्क्रम

20. संतुलित विकास का प्रभाव है -
(अ) अतिरिक्त बाहरी मितव्ययता
(ब) कुशल श्रम विभाजन
(स) तकनीकी कुशलता
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी

21. शुम्पीटर के अनुसार उद्यमकर्ता आर्थिक लाभ इसलिये कमाता है, क्योंकि -
(अ) वह नवप्रवर्तक होता है
(ब) उसके सभी जोखिम बीमा योग्य होते हैं
(स) अनिश्चितता कम हो जाती है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (अ) वह नवप्रवर्तक होता है
व्याख्या- शुम्पीटर नवप्रवर्तन को सर्वाधिक आवश्यक मानते थे।

22. प्रो. नर्कसे के अनुसार - अल्प-विकसित अर्थव्यवस्था में प्रच्छन्न बेरोज़गारी पूंजी निर्माण का एक स्त्रोत है, यदि सभी अनुत्पादक श्रमिकों -
(अ) का निर्वाह व्यय उत्पादक श्रमिकों द्वारा उठाया जा रहा हो
(ब) को तत्काल उत्पादक बढ़ाने वाले निर्माण कार्यों पर जुटा दिया जावे
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (स) उपरोक्त दोनों
व्याख्या- प्रो. नर्कसे इस बेरोज़गारी को उत्पादक कार्यों में बदलना चाहते थे।

23. जनसंख्या वृद्धि अर्द्ध विकसित देशों के आर्थिक विकास का -
(अ) कारण है
(ब) परिणाम है
(स) दोनों है
(द) कुछ भी नहीं है
उत्तर- (स) दोनों है
व्याख्या- जनसंख्या वृद्धि के कारण विकास होता है और विकास के कारण जनसंख्या में वृद्धि होती है।

24. पूंजी निर्माण को अवरुद्ध करने वाला घटक है -
(अ) प्रदर्शन प्रभाव
(ब) अनुत्पादकीय व्यय
(स) सीमित साहसिक प्रेरणायें
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी

25. अल्प विकसित देशों के लिये निर्धन राष्ट्र शब्द का प्रयोग करने वाले अर्थशास्त्री कौन हैं -
(अ) सेम्युलसन
(ब) उर्सुला हिक्स
(स) मेयर व वाल्डविन
(द) वाइनर
उत्तर- (स) मेयर व वाल्डविन

26. संयुक्त राष्ट्र ने अल्पविकसित देश को परिभाषित करने के लिये किस मापदण्ड को अपनाया है -
(अ) प्रतिव्यक्ति मौद्रिक आय
(ब) प्रतिव्यक्ति वास्तविक आय
(स) राष्ट्रीय आय
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (ब) प्रतिव्यक्ति वास्तविक आय

27. 'गरीबी का दुश्चक्र' किसने प्रस्तुत किया -
(अ) गुन्नार मिर्डल
(ब) रेगनर नर्कसे
(स) केयर्नक्रास
(द) मार्शल
उत्तर- (ब) रेगनर नर्कसे

28. वास्तविक आय के कम होने का कारण -
(अ) क्रय शक्ति कम होती है
(ब) विनियोग कम होता है
(स) उपभोग कम होता है
(द) उत्पादकता का कम होना है
उत्तर- (द) उत्पादकता का कम होना है
व्याख्या- उत्पादकता कम होने से वास्तविक आय कम होती है।

29. निम्न जीवनावधि, व्यापक निरक्षरता, निम्न जीवन स्तर व स्वास्थ्य अर्द्धविकसित देशों की जनसंख्या की -
(अ) परिमाणात्मक विशेषताएं हैं
(ब) गुणात्मक विशेषताएं हैं
(स) संकेतात्मक विशेषताएं हैं
(द) निगुणात्मक विशेषताएं हैं
उत्तर- (ब) गुणात्मक विशेषताएं हैं

30. विकसित देशों में बेरोज़गारी का स्वरूप -
(अ) चक्रीय होता है
(ब) संरचनात्मक होता है
(स) संकेतात्मक होता है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (अ) चक्रीय होता है
व्याख्या- व्यापार चक्रों में उतार-चढ़ाव के कारण इन देशों में बेरोज़गारी होती है।

31. अल्प विकास का अर्थ -
(अ) श्रम की अधिकता से है
(ब) पूंजी की न्यूनता से है
(स) शिक्षा या ज्ञान के अभाव से है
(द) एक या अनेक उत्पादन के घटकों की न्यूनता से है।
उत्तर- (द) एक या अनेक उत्पादन के घटकों की न्यूनता से है।
व्याख्या- श्रम की अधिकता, पूंजी की कमी, शिक्षा का अभाव आदि कई घटकों के कारण अल्प विकास होता है।

32. अल्पविकसित देश के लिये कौनसा कथन सत्य है -
(अ) तकनीकी द्वैतवाद
(ब) निर्यात पर अधिक निर्भरता
(स) प्रतिव्यक्ति कम पूंजी अनुपात
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (स) प्रतिव्यक्ति कम पूंजी अनुपात

33. अल्पविकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि की दर सामान्यतः कितनी होती है -
(अ) 1% से कम
(ब) 2% से कम
(स) 3% से कम
(द) 3% से अधिक
उत्तर- (द) 3% से अधिक
व्याख्या- जनसंख्या वृद्धि दर इन देशों में अधिकतम होती है।

34. अल्पविकसित देशों के सामाजिक लक्षणों में निम्न में से कौनसा लक्षण सम्मिलित है -
(अ) अशिक्षा
(ब) बाजार की अपूर्णता
(स) उच्च मृत्यु दर
(द) जनसंख्या का भारी घनत्व
उत्तर- (अ) अशिक्षा
व्याख्या- जनसंख्या वृद्धि दर इन देशों में अधिकतम होती है।

35. अर्द्धविकसित देशों में कौनसी समस्या नहीं पाई जाती है -
(अ) तीव्र जनसंख्या वृद्धि
(ब) परम्परागत आर्थिक ढांचे
(स) सीमित उपभोग मांग
(द) उद्देश्य बेरोज़गारी
उत्तर- (स) सीमित उपभोग मांग
व्याख्या- इन देशों में मांग असीमित होती है।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापक हैं)

हर काम बड़ा होता है, बशर्ते आप अपने लिये पैमाना ऊंचा रखें - कैंडिस थिले

सफलता की चाह और कड़े संघर्ष से कर्णिका ने पाई उपलब्धि

हौसले की उड़ान

पिछले दिनों मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल परीक्षा का जब परिणाम घोषित हुआ तो राज्य की राजधानी से सटे गांव सेमरा की रीमा हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा कर्णिका मिश्रा ने इस परीक्षा में तीन सौ में से तीन सौ अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में पहला स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष इस परीक्षा में पहली बार राज्य के पन्द्रह छात्र - छात्राओं ने शत्-प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक कीर्तिमान बनाया है और सेमरा की कर्णिका भी उनमें से एक हैं। कर्णिका से हुई चर्चा के प्रमुख अंश...

कवि सम्मेलन के मशहूर संचालक और उतने ही प्रखर कवि रामरिख मनहर किसी भी मेधावी व्यक्ति की प्रशंसा में यह कहा करते थे कि -

"लक्ष्य के संधान का विश्वास
होना चाहिए।
अंधेरे से मुक्ति को एक उजास
होना चाहिए।
कुछ नहीं मुश्किल यदि कोई ठान ले-
सफलता की आस का आभास
होना चाहिए।"

प्रश्न-आपको इस अभूतपूर्व सफलता के लिये बधाई, आपने यह सफलता कैसे हासिल की। क्या आप उन हालात पर कुछ कहेंगी?

जवाब- बधाई के लिये धन्यवाद सर। इस वर्ष मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल परीक्षा के परिणामों में प्रदेश के पन्द्रह परीक्षार्थियों ने तीन सौ में से तीन सौ अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में पहला स्थान प्राप्त किया और भोपाल से मुझे इस गौरव समूह में शामिल होने का अवसर मिला। मैंने इस बड़ी सफलता के लिये कड़ा संघर्ष किया। मेरे परिवार की आर्थिक हालत अच्छी नहीं है। पांच साल पहले पिता की एक सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद मां ने ही सब कुछ संभाला। पिता के न रहने पर मां ने ही जॉब करके मुझको पढ़ाया। मेरी मां सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ड्यूटी पर रहती हैं। उनके वेतन से जो भी आता है, सबसे पहले वह मेरी पढ़ाई पर खर्च करती हैं, इसके बाद पैसे का कुछ करती हैं। पढ़ाई के प्रति मेरी लगन को देखकर ही स्कूल प्रबंधन और क्लास टीचर ने मेरी ट्यूशन फी भी माफ कर दी थी। गरीबी के चलते कई बार मुझे भूखे पेट तक पढ़ाई करनी होती थी, मगर मैंने सब कुछ समय के साथ ठीक हो जायेगा, इस बात पर यकीन किया और इस सफलता के बाद से लग रहा है कि सब कुछ ठीक हो जायेगा।

प्रश्न-कर्णिका इस सफलता का श्रेय आप किसे देना पसंद करेंगी?

जवाब- मैं इस सफलता का श्रेय सेमरा स्कूल के शैक्षिक माहौल को देना चाहूँगी। यहां पर शिक्षक बच्चों के साथ घुल मिलकर न सिर्फ दिन प्रतिदिन कोर्स पूरा करने का दायित्व निभाते हैं बल्कि एक-एक बच्चे से बात कर उससे यह भी पूछते हैं कि उन्हें पढ़ाई में कहां दिक्कत आ रही है। स्कूल के प्रिन्सिपल और शिक्षकों के साथ ही मैं अपनी मां और नानीजी को भी इस सफलता का श्रेय देना चाहूंगी। मेरी मां और नानीजी ने कभी भी पढ़ाई के लिए मुझ पर अनावश्यक प्रेशर नहीं डाला। वह दोनों अकसर मुझको बस अपनी पढ़ाई मन लगाकर करने को कहते थे, साथ ही चिंतामुक्त होकर अध्ययन करने की प्रेरणा देते थे, उनका विश्वास था कि आगे सब ठीक होगा।

प्रश्न-क्या आपको इस सफलता की उम्मीद थी? यह परिणाम आपकी अपेक्षा पर किस हद तक खरा उतरा?

जवाब- मेरे लिये यह परिणाम उम्मीद के अनुरूप ही रहा। मैंने जिस लगन के साथ पढ़ाई की थी और परीक्षा की व्यवस्थित तैयारी की थी उससे मुझे कुछ अच्छे और बड़े नतीजे की अपेक्षा थी। प्रदेश स्तर पर प्रावीण्य सूची में पहला स्थान पाने से अच्छा तथा बड़ा नतीजा और क्या हो सकता था? सच तो यह है कि किसी भी परीक्षा में सफलता के लिये यह जरूरी है कि आप सभी विषयों के पूरे पाठ्यक्रम की ऐसी तैयारी करो कि कहीं से भी कुछ भी पूछा जाये तो उसका सही और पूरा उत्तर आपके पास हो। आपका लक्ष्य जब सबसे टॉप पर रहने का है तो आपकी तैयारी भी उसी स्तर की होनी चाहिये। मैं रोजाना सुबह से शाम तक 3 से 4 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। मैं परीक्षा के समय भी इतना ही पढ़ा करती थी।

प्रश्न-क्या सफलता का कोई फार्मूला होता है कर्णिका, कोई कैसे सर्वोच्च स्थान प्राप्त करता है?

जवाब- आपने फार्मूले की बात की है तो मैं यह मानती हूं कि सफलता चाहे परीक्षा में हासिल करनी हो या फिर जीवन में उसका एक ही फार्मूला होता है - कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति - इसके लिये अंग्रेजी में एक अच्छा फ्रेज़ है - यस आई कैन, हां मैं कर सकता/सकती हूं। मैंने भी परीक्षा में अव्वल रहने के लिये यही फ्रेज़ अपनाया और मैंने खुद से कहा मैंने सब कुछ पढ़ा है आप कहीं से भी कुछ भी पूछिये? यही अथक मेहनत आपको सर्वोच्च स्थान पाने में सहायता करती है।

प्रश्न-आपने अपनी पढ़ाई के दौरान सामाजिक दायित्वों का निर्वाह कैसे किया?

जवाब- उम्र के इस मुकाम पर ज्यादा सामाजिक दायित्व तो होते नहीं हैं मगर परीक्षा की तैयारी के दौरान ही मेरी मौसी का विवाह था और यह तय था कि मुझे एक सप्ताह इस आयोजन में देना होगा। इसके लिये मैंने विवाह के पहले और विवाह के बाद अतिरिक्त समय पढ़ाई को दिया और मैंने समय पर परीक्षा की तैयारी कर ली। हां सोशल मीडिया से जरूर दूरी बनाये रखी।

प्रश्न-कर्णिका आप इस सफलता के बाद- 'रोज़गार और निर्माण' के माध्यम से छात्र-छात्राओं को क्या संदेश देना चाहेंगी?

जवाब- यही कि यदि आपको अपार सफलता पानी है तो उसका कोई शॉर्ट कट नहीं होता है कड़ी मेहनत और सतत अध्ययन से ही आप इस लक्ष्य को पा सकते हैं। आपको लक्ष्य के प्रति एकाग्र और एकचित्त होना होगा और आपके प्रयत्न योजनाबद्ध होने चाहिए आप अस्त व्यस्त तरीके से न तो बड़े लक्ष्य पा सकते हैं न किसी क्षेत्र में सफल हो सकते हैं।

- राजा दुबे
(साक्षात्कारकर्ता, जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. **ग्रैंड मास्टर शब्द किस खेल में प्रचलित है?**
(अ) टेनिस
(ब) शतरंज
(स) गोल्फ
(द) इनमें से कोई नहीं

2. **वर्ष 2003 के आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप में मैन ऑफ द सीरीज कौन बने थे?**
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) रिकी पोंटिंग
(स) स्टेफन फ्लेमिंग
(द) मुथैया मुरलीधरन

3. **टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिच किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) क्रोएशिया
(ब) चेक रिपब्लिक
(स) कनाडा
(द) सर्बिया

4. **इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?**
(अ) पेरिस (ब) लुसाने
(स) न्यूयॉर्क (द) लंदन

5. **इनमें से किस महिला हॉकी खिलाड़ी को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार मिला है?**
(अ) रितु रानी
(ब) रानी रामपाल
(स) सुनीता लाकड़ा
(द) ममता खरव

6. **इस वर्ष पार्लेमो लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट किस खिलाड़ी ने जीता है?**
(अ) एनेट कोंटावेट
(ब) किकि बर्टेंस
(स) फियोना फेरो
(द) सारा इरानी

7. **वर्ष 2020 के आईसीसी अंडर-19 वर्ल्डकप में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे?**
(अ) यशस्वी जायसवाल
(ब) रवि बिश्नोई
(स) कार्तिक त्यागी
(द) प्रियम गर्ग

8. **वर्ष 2018 में आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने थे?**
(अ) जो रूट
(ब) केन विलियमसन
(स) विराट कोहली
(द) डेविड वॉर्नर

9. **इस वर्ष टस्कन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस किसने जीती है?**
(अ) लुईस हैमिल्टन
(ब) किमी राइकोनेन
(स) एस्टावेन ओकेन
(द) सवेस्टियन वेटल

10. **हाल ही में दिवंगत क्रिकेटर डीन जोन्स किस देश के खिलाड़ी रह चुके हैं?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) न्यूजीलैंड
(स) दक्षिण अफ्रीका
(द) इंग्लैंड

11. **इनमें से कौन सा टेनिस टूर्नामेंट ग्रैंड स्लैम में शामिल नहीं है?**
(अ) यूएस ओपन
(ब) चाइना ओपन
(स) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(द) फ्रेंच ओपन

12. **अंजुम मुदगिल किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) निशानेबाजी (ब) क्रिकेट
(स) जिम्नास्टिक (द) हॉकी

13. **टेस्ट क्रिकेट में सचिन के बाद किस खिलाड़ी ने सर्वाधिक शतक बनाए हैं?**
(अ) रिकी पोंटिंग
(ब) जैक कैलिस
(स) ब्रायन लारा
(द) विराट कोहली

14. **दिग्गज महिला स्नूकर खिलाड़ी रिआन इवांस किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) स्कॉटलैंड (ब) जर्मनी
(स) इंग्लैंड (द) कनाडा

15. **इस वर्ष यूएस ओपन में महिला वर्ग में चैम्पियन बनी हैं?**
(अ) नाओमी ओसाका
(ब) कोको गॉफ
(स) सेरेना विलियम्स
(द) विक्टोरिया अजारेंका

16. **पूर्व दिग्गज फॉर्मूला-वन रेसर एलेन प्रोस्ट का संबंध किस देश से है?**
(अ) जर्मनी (ब) फ्रांस
(स) दक्षिण अफ्रीका (द) रूस

17. **रॉबेन वैन पर्सी किस देश के दिग्गज फुटबॉलर रहे हैं?**
(अ) नीदरलैंड्स (ब) इटली
(स) क्रोएशिया (द) स्पेन

18. **टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं?**
(अ) ग्लेन मैक्ग्रा
(ब) स्टुअर्ट ब्रॉड
(स) जेम्स एंडरसन
(द) कर्टनी वॉल्श

19. **पहला सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट कहां आयोजित किया गया था?**
(अ) बर्मिंघम (ब) कोपेनहेगन
(स) ग्लास्गो (द) जकार्ता

20. **इनमें से किस वर्ष दोहा में एशियाई खेल आयोजित किए गए थे?**
(अ) वर्ष 2002 (ब) वर्ष 2010
(स) वर्ष 2006 (द) वर्ष 2014

21. **इनमें से किस वर्ष ब्रिटेन ने ओलिंपिक खेलों में पुरुष हॉकी वर्ग में स्वर्ण पदक नहीं जीता है?**
(अ) वर्ष 1908 (ब) वर्ष 1920
(स) वर्ष 1984 (द) वर्ष 1988

22. **वन-डे क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है?**
(अ) मुथैया मुरलीधरन
(ब) सकलैन मुश्ताक
(स) अनिल कुंबले
(द) एलन डोनाल्ड

23. **मानसी जोशी ने किस वर्ष पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) वर्ष 2019 (ब) वर्ष 2018
(स) वर्ष 2014 (द) वर्ष 2016

24. **न्यूजीलैंड के ट्रैंट बोल्ट ने वन-डे क्रिकेट में कितनी हैट्रिक ली हैं?**
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (अ), 4. (द), 5. (ब), 6. (स), 7. (द), 8. (स), 9. (अ), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (ब), 14. (स), 15. (अ), 16. (ब), 17. (अ), 18. (स), 19. (द), 20. (स), 21. (स), 22. (ब), 23. (अ), 24. (ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

जीवन के प्रत्येक क्षण में सफलता पाने के अवसर मौजूद रहते हैं
बस आपको पहचानना आना चाहिये – डेविड निवेन

SECTION-1
Notice Inviting Tender
Directorate of Health Services
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
National Health Mission Division Bhopal & Jabalpur
2ND Floor Satpura Bhawan Bhopal

NIT. No. 11/2020-21/e-tendering/1526 **Dated : 25.09.2020**

Online percentage rate bids for the following works (Three Cover System) are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria :

S. No.	Tender 2020_ DHS	Name of Work	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Earnest Money Deposit EMD (Rs.)	Tender Cost (Rs.)	Period of Completion
1.	103322	Construction of 50 Bedded Modern Maternity wing including Water Supply, Sanitary, Internal/External Electrification & Integrated works at Civil Hospital Bairagarh District Bhopal.	1021.76	10,00,000/-	30,000/-	24 months Including Rainy Season

1. Interested bidders can view the detailed NIT on the website **https://mptenders.gov.in**
2. The Bid Document can be purchased only online from **28.09.2020, 10.30AM to 13.10.2020, 17.30**
3. Amendments of NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.
4. For Integrated Work Experience - Work at any Government, Semi Government, and Reputed Private Firm are also Consider in this tender.

Executive Engineer, National Health Mission, Division Bhopal and Jabalpur
2nd Floor Satpura Bhawan Bhopal

G-14578/44475/2020

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना मण्डल
राजधानी परियोजना प्रशासन, ई-5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल
दूरभाष - 0755-2463365
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर, भोपाल में बैंकिंग, डाकघर, हेल्थ, योगा सुविधा हेतु भवन निर्माण (वर्तमान स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स के प्रथम एवं द्वितीय तल)।

एन.आई.टी. क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य की अनु. लागत (रु. लाखों में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय
171/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109232_1	रु. 1,27,54,404/- (रु. एक करोड़ सत्ताईस लाख चौवन हजार, चार सौ चार)	रु. 1,27,544/-	रु. 15,000/-	अधीक्षण यंत्री राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. मंत्रालय वल्लभ भवन के ब्लॉक 2 एवं 3 में स्थापित ऑटिस मेक लिफ्टों का वार्षिक संधारण कार्य।

172/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109233_1	रु. 1,20,08,757/- (रु. एक करोड़ बीस लाख आठ हजार, सात सौ सत्तावन)	रु. 1,20,088/-	रु. 15,000/-	– तदैव –

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल स्थित शैक्षणिक खण्ड 7, 8, 9, 10 सेन्ट्रल लाइब्रेरी यू.आई.टी. एवं को-आई.टी. सिविल एवं बायो ब्लॉक के मध्य पॉलीटेक्निक एवं के.आर.सी. ब्लॉक में कुल 8 नग लिफ्ट का प्रदाय व स्थापित करने का कार्य।

173/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109234_1	रु. 1,19,30,000/- (रु. एक करोड़ उन्नीस लाख तीस हजार)	रु. 1,19,300/-	रु. 15,000/-	– तदैव –

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल स्थित पुरानी कन्या छात्रावास भवन का उन्नयनीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य।

174/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109236_1	रु. 1,02,39,307/- (रु. एक करोड़ दो लाख उनचालीस हजार, तीन सौ सात)	रु. 1,02,393/-	रु. 15,000/-	– तदैव –

क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल स्थित पुराना छात्र छात्रावास भवन का उन्नयनीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य।

175/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109237_1	रु. 1,02,39,307/- (रु. एक करोड़ दो लाख उनचालीस हजार, तीन सौ सात)	रु. 1,02,393/-	रु. 15,000/-	– तदैव –

क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में नवीन कैफेटेरिया कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य।

176/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109238_1	रु. 50,77,948/- (रु. पचास लाख सतहत्तर हजार, नौ सौ अड़तालीस)	रु. 50,779/-	रु. 10,000/-	– तदैव –

क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में यू.टी.आई. के समीप स्टूडेन्ट एक्टिविटी सेन्टर का निर्माण कार्य।

177/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109239_1	रु. 46,66,046/- (रु. छियालीस लाख छासठ हजार छियालीस)	रु. 50,000/-	रु. 5,000/-	– तदैव –

क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में सुविधायें जैसे पार्क, जॉगिंग ट्रेक, स्केटिंग ट्रेक, खेल क्षेत्र, स्विंग्स ओपन जिम्नेशियम, पवेलियन आदि कार्य।

178/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109240_1	रु. 42,25,482/- (रु. बयालीस लाख पच्चीस हजार चार सौ बयालीस)	रु. 50,000/-	रु. 5,000/-	– तदैव –

क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर, भोपाल में हेल्थ सेन्टर का निर्माण कार्य (वर्तमान स्थित समाधान भवन के प्रथम एवं द्वितीय तल)।

179/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109241_1	रु. 26,15,584/- (रु. छब्बीस लाख पन्द्रह हजार पांच सौ चौरासी)	रु. 50,000/-	रु. 5,000/-	– तदैव –

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास, क्रमांक-टी2, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002
बैचलर ऑफ प्लानिंग (Bachelor of Planning) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु
(मध्यप्रदेश अनुदान प्राप्त इंजीनियरिंग संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2020-21

प्रथम चरण

जेईई मेन-2020 की मेरिट पर आधारित
सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिये एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	29.09.2020 से 10.10.2020
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)	11.10.2020 से 12.10.2020
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	01.10.2020 से 14.10.2020 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	15.10.2020 सायं 5:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	17.10.2020 से 22.10.2020 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण

जेईई मेन-2020 के आधार पर आवंटन उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये
अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन जारी किया जायेगा।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	22.10.2020 से 29.10.2020
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)	30.10.2020 से 31.10.2020
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	24.10.2020 से 02.11.2020 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	03.11.2020 सायं 5:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश। (प्रथमतः जेईई मेन-2020 के आधार पर आवंटन पश्चात रिक्त सीटों पर 12वीं के आधार पर आवंटन जारी किया जायेगा।)	05.11.2020 से 09.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	10.11.2020 से 13.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	11.11.2020 से 13.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

(कोविड-19 के कारण, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को जाने की आवश्यकता नहीं)

संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/98618/44482/2020 **अध्यक्ष-काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास क्रमांक टी 2, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002

आवश्यक सूचना

ऑनलाइन काउंसलिंग सत्र 2020-21
पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा की मेरिट के स्थान पर अर्हकारी परीक्षा कक्षा 10वीं के अंकों के आधार पर प्रवेश

मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के आदेश क्रमांक- एफ-14-2/2020/42(1) भोपाल, दिनांक 25.09.2020 द्वारा कोविड-19 की विषम एवं विशेष परिस्थितियों के कारण शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु **पी.पी.टी. परीक्षा से छूट** प्रदत्त की गई है।

अतः समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रदेश स्थित अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम संचालित करने वाले पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर की जावेगी।

अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त
म.प्र. माध्यम/98622/44486/2020 **तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर, भोपाल में वर्तमान स्थित पार्किंग का उन्नयनीकरण कार्य।

180/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109242_1	रु. 23,72,879/- (रु. तेईस लाख बहत्तर हजार आठ सौ उन्यासी)	रु. 47,458/-	रु. 5,000/-	– तदैव –

क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, परिसर भोपाल में शैक्षणिक खण्ड 7 से 12 के मध्य ओपन एयर क्लास रूम का निर्माण कार्य।

181/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 26.09.2020	2020_CPA_109245_1	रु. 20,26,512/- (रु. बीस लाख छब्बीस हजार पांस सौ बारह)	रु. 40,530/-	रु. 5,000/-	– तदैव –

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 19.10.2020 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। वांछित दस्तावेज दिनांक 20.10.2020 को अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी वेबसाइट में देखी जा सकती है।

अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना मण्डल, राजधानी परियोजना प्रशासन
जी-14622/44478/2020 **ई-5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल, दूरभाष - 0755-2463365**

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा - 2020 के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

पर्यावरण अध्ययन

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन होना संभावित है। इस परीक्षा में एकल प्रश्नपत्र में 150 प्रश्न होंगे, जिसमें बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र, भाषा-1 एवं 2, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन पर 30-30 प्रश्न होंगे। प्रश्नपत्र को 2 घंटे 30 मिनट में हल करना होगा। इसमें सम्मिलित होने वाले प्रतियोगियों की तैयारी हेतु पर्यावरण अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों को व्याख्यात्मक हल सहित दिया जा रहा है।

1. किस पहाड़ी /हिल्स पर चेरापूंजी स्थित है?
अ. गारो ब. खासी
स. सोहरा द. जयंतिया

2. किस राज्य में लेमरू एलीफेंट रिज़र्व स्थापित किया जा रहा है?
अ. मध्यप्रदेश ब. झारखण्ड
स. कर्नाटक द. छत्तीसगढ़

3. किस फ्रांसीसी विद्वान ने मानव समाज से 'प्रकृति की ओर लौटो' का आह्वान किया है?
अ. रूसो ब. लुई सोलहवें
स. नेपोलियन द. मैडम क्यूरी

4. अंतर्राष्ट्रीय शरणार्थी दिवस कब मनाया जाता है?
अ. 8 जनवरी ब. 12 मई
स. 20 जून द. 24 अक्टूबर

5. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम कब बना है?
अ. वर्ष 1972 ब. वर्ष 1976
स. वर्ष 1986 द. वर्ष 1989

6. 1968 में 'कच्छ का रण विवाद' निपटाया गया था?
अ. अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता द्वारा
ब. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा
स. महासभा द्वारा
द. सुरक्षा परिषद द्वारा

7. धरातल के कितने प्रतिशत भाग पर पर्वतों का विस्तार है?
अ. 24 ब. 27
स. 30 द. 33

8. कितने किलोमीटर की ऊंचाई पर ओजोन गैस पायी जाती है?
अ. 5-10 किलोमीटर
ब. 10-15 किलोमीटर
स. 12-15 किलोमीटर
द. 10-50 किलोमीटर

9. मक्का उत्पादन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला कौन-सा जिला है?
अ. बालाघाट ब. धार
स. छिंदवाड़ा द. छतरपुर

10. यह किसने कहा है, "प्रकृति में हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने की विराट क्षमताएं हैं, किन्तु लालच की नहीं।"-
अ. अटल विहारी वाजपेयी
ब. सरदार पटेल
स. लालबहादुर शास्त्री
द. महात्मा गांधी

11. भारत में लीची का सर्वाधिक उत्पादन होता है?
अ. उत्तराखण्ड
ब. बिहार
स. अरुणाचल प्रदेश
द. असम

12. साइलेंट वैली कहां स्थित है?
अ. केरल ब. असम
स. तमिलनाडु द. कर्नाटक

13. केसर का उत्पादन कहां होता है?
अ. लक्षद्वीप ब. ओडिशा
स. तेलंगाना द. कश्मीर

14. सर्वाधिक भूमिगत जल की उपलब्धता किस जिले में है?
अ. होशंगाबाद ब. विदिशा
स. धार द. खंडवा

15. पोमोलॉजी में अध्ययन किया जाता है?
अ. सब्जियों का ब. फलों का
स. परागकणों का द. उक्त सभी

16. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान कहां स्थित है?
अ. सोनपुर ब. कोलकाता
स. नागपुर द. हैदराबाद

17. एंडीज पर्वतमाला किस महाद्वीप में स्थित है?
अ. यूरोप
ब. उत्तर अमेरिका
स. दक्षिण अमेरिका
द. एशिया

18. इनमें से किस देश में अटाकामा मरुस्थल स्थित है?
अ. चिली ब. बोत्सवाना
स. मंगोलिया द. ऑस्ट्रिया

19. इनमें से कौन सही नहीं है?
अ. विश्व पर्यावरण दिवस - 05 जून
ब. ओजोन संरक्षण दिवस - 16 सितम्बर
स. अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस - 12 मई
द. विश्व खाद्य दिवस - 16 अक्टूबर

20. बैतूल जिले के किस गांव में कई सालों से जनसंख्या स्थिर बनी हुई है?
अ. पिनौरा ब. धनोरा
स. आदर्शी द. खेरवा

21. बाघों का सर्वाधिक घनत्व किस राष्ट्रीय उद्यान में है?
अ. कान्हा किसली
ब. पेंच
स. बांधवगढ़
द. सतपुड़ा

22. तुलसी में पाया जाने वाला अम्ल है?
अ. यूसोलिक ब. ऐक्जेलिक
स. नाइट्रिक द. कार्बोलिक

23. फंटशोलिंग किस देश का सीमावर्ती क्षेत्र है?
अ. नेपाल ब. चीन
स. भूटान द. मालदीव

24. स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट (2019) के अनुसार विश्व में स्वास्थ्य संबंधी सभी खतरों से होने वाली मौतों का 5वां सबसे बड़ा कारण है?
अ. वायु प्रदूषण
ब. जल प्रदूषण
स. ध्वनि प्रदूषण
द. ई-प्रदूषण

25. ऐपीकल्चर किससे संबंधित है?
अ. मधुमक्खी पालन
ब. केंचुआ पालन
स. कछुआ पालन
द. वतख पालन

26. इनमें से मध्यप्रदेश की सबसे छोटी नदी है?
अ. सोन ब. क्षिप्रा
स. बेतवा द. ताप्ती

27. गांधी सागर बांध किस नदी पर बना है?
अ. बेतवा ब. महानदी
स. नर्मदा द. चंबल

28. मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र में कपास एवं केले का उत्पादन होता है?
अ. निमाड़
ब. चंबल
स. महाकौशल
द. इनमें से कोई नहीं

29. "राजा को प्रजा से इस प्रकार कर वसूलना चाहिये, जिस प्रकार माली वृक्षों से पके फलों को तोड़ता है।" यह किसका कथन है?
अ. कौटिल्य ब. महात्मा गांधी
स. भीष्म द. एडम स्मिथ

30. मध्यप्रदेश का राजकीय वृक्ष है?
अ. आम ब. पीपल
स. नीम द. बरगद

31. सुमेलित कीजिये -

राष्ट्रीय पार्क		राज्य
क. मानस	-	1. गुजरात
ख. गिर	-	2. उत्तराखण्ड
ग. बांदीपुर	-	3. असम
घ. जिम कार्बेट	-	4. कर्नाटक

	क	ख	ग	घ
अ.	1	3	4	2
ब.	3	1	4	2
स.	2	1	3	4
द.	3	1	2	4

32. पीली क्रांति का संबंध है?
अ. दलहन उत्पादन से
ब. स्वर्ण भंडार से
स. तिलहन उत्पादन से
द. उक्त सभी से

उत्तरमाला

1. स	2. द	3. अ	4. स
5. स	6. अ	7. ब	8. द
9. स	10. द	11. ब	12. अ
13. द	14. अ	15. ब	16. द
17. स	18. अ	19. स	20. ब
21. स	22. अ	23. स	24. अ
25. अ	26. ब	27. द	28. अ
29. अ	30. द	31. ब	32. स

व्याख्यात्मक हल

19. स. अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई को मनाया जाता है।

26. अ. मध्यप्रदेश की छोटी नदियों में क्षिप्रा प्रमुख है, जो मात्र 195 किलोमीटर ही लंबी है।

28. अ. मध्यप्रदेश के निमाड़ क्षेत्र में कपास एवं केले का उत्पादन होता है। इस क्षेत्र में बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन एवं बड़वानी जिले आते हैं।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शा. आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहायक प्राध्यापक हैं।)

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मध्यप्रदेश में .....

4. इसके अतिरिक्त पूर्व की प्रक्रिया अनुसार उम्मीदवार ऑफलाइन फार्म प्राप्त कर भी रिटर्निंग अधिकारी को निर्धारित समय के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है।

इसके अलावा, आयोग ने निम्नलिखित निर्देश दिए हैं -

1. नामांकन जमा करने के लिए उम्मीदवार के साथ जाने वाले व्यक्तियों की संख्या पांच के बजाय दो तक सीमित है।
2. नामांकन के प्रयोजनों के लिए वाहनों की संख्या तीन के बजाय दो तक सीमित है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव संचालन की प्रमुख गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कोविड-19 के दौरान होने वाले उप चुनाव के लिए निम्नानुसार व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गये हैं-

- चुनाव संबंधी प्रत्येक गतिविधि के दौरान प्रत्येक व्यक्ति मास्क लगाएगा, जिन मतदाताओं के पास मास्क नहीं होगा, उन्हें मतदान केंद्र पर मास्क उपलब्ध कराया जाएगा।
- प्रत्येक मतदान केंद्र पर सेनेटाइजर, साबुन और पानी की उपलब्धता है।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार की प्रचलित कोविड-19 के निर्देश अनुसार मतदाताओं द्वारा सामाजिक दूरी रखे जाने के निर्देश हैं। सुरक्षित मतदान एवं मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कोविड-19 की रोकथाम हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।
- मतदान केंद्र पर निर्वाचकों की थर्मल जांच (तापमान) की जायेगी। मतदाता का प्रथम बार में तय मानकों से अधिक तापमान आने पर द्वितीय बार जांच की जायेगी और फिर भी तापमान अधिक रहता है तो ऐसे मतदाता को टोकन/प्रमाण पत्र दिया जाएगा और उसे कहा जाएगा कि वह मतदान के अंतिम घंटे में आये। अंत में कोविड-19 के प्रतिरोधक का पालन करते हुये ऐसे मतदाता से मतदान कराया जायेगा।
- मतदान हेतु लाइन में 15-20 व्यक्तियों के लिए 6 फीट की दूरी पर निर्धारित गोले बनाये जायेंगे।
- मतदान स्थल पर मेडिकेटेड वेस्ट मटेरियल के संग्रहण एवं डिस्पोजल के लिए आवश्यक समुचित व्यवस्थाएं भी की जायेंगी।

मॉक पोल -

1. मतदान के दिन, वास्तविक मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले, उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में, प्रत्येक मतदान केंद्र पर कम से 50 वोट डालने के द्वारा एक मॉक पोल आयोजित किया जाता है और नियंत्रण इकाई और वीवीपैट पर्चियों की गिनती के इलेक्ट्रॉनिक परिणाम का मिलान किया जाता है और उन्हें दिखाया जाता है। पीठासीन अधिकारियों द्वारा मॉक पोल के सफल आयोजन का प्रमाण पत्र बनाया जाएगा।
2. मॉक पोल के तुरंत बाद कंट्रोल यूनिट (सीयू) पर क्लियर बटन दबाया जाता है, जिससे मॉक पोल का डाटा क्लियर हो जाता है और सीयू में कोई वोट दर्ज नहीं होने की बात सामने आने पर मौजूद पोलिंग एजेंटों को यह तथ्य प्रदर्शित किया जाता है। पीठासीन अधिकारी यह भी सुनिश्चित करता है कि सभी मॉक पोल स्लिप को वीवीपैट से बाहर निकाला जाए और मतदान शुरू होने से पहले अलग-अलग चिन्हित लिफाफे में रखा जाए।
3. मॉक पोल के बाद पोलिंग एजेंटों की मौजूदगी में ईवीएम और वीवीपैट सील किए जाते हैं और सील पर पोलिंग एजेंटों के हस्ताक्षर प्राप्त किए जाते हैं।

चुनाव समग्री वितरण एवं संग्रहण- निर्वाचन के लिये निर्धारित समस्त चुनाव सामग्री के वितरण एवं उनके संग्रहण के लिये कोविड निर्देशों का पालन करते हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

मतगणना केंद्र- मतों की गणना के लिये स्ट्रांग रूम में कोविड-19 के दिशा-निर्देश हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जायेंगी। आयोग से प्राप्त निर्देशों के तहत मतों की गणना के लिये बड़े हॉल में 7 से अधिक मतगणना टेबिल नहीं रखी जायेंगी। आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए मतगणना कक्षों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

विकलांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधा -

- सभी मतदान केंद्र भूतल पर स्थित हैं, जिनमें रैम्प की सुविधा है। केंद्रों पर व्हीलचेयर उपलब्ध रहेगी।
- मतदान केंद्रों पर दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष सुविधा की जाएगी। मतदान केंद्रों में इनके प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाती है, मतदान केंद्र परिसर के प्रवेश द्वार के पास निर्दिष्ट पार्किंग स्थलों के लिए प्रावधान किये गये हैं।

कोविड-19 के मद्देनजर पीडब्ल्यूडी मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक आयु) के लिए नई पहल- चुनाव (संशोधन) नियम, 2019 के संचालन और चुनाव संचालन (संशोधन) नियम, 2020 के अनुसार प्रदेश के रिक्त 28 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान कराने की नयी व्यवस्था प्रारंभ की गई है। निम्न श्रेणियों को भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जा रही है:-

(i) वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष से अधिक आयु)
(ii) मतदाता सूची में चिन्हित दिव्यांग व्यक्ति
(iii) कोविड-19 के प्रभावित या संदिग्ध व्यक्ति

पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान के इच्छुक मतदाता को सभी अपेक्षित विवरण देते हुए फार्म-12डी में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। पोस्टल बैलेट से मतदान कराने की यह प्रक्रिया मतदान दिवस के एक दिन पूर्व तक पूर्ण कर ली जावेगी।

व्यापक जिला चुनाव प्रबंधन योजना- जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा एसपी और सेक्टर अधिकारियों के परामर्श से एक व्यापक जिला चुनाव प्रबंधन योजना तैयार की गयी है। इनके अनुसार वल्नरेबिलिटी मैपिंग एक्सरसाइज और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की मैपिंग की गयी है एवं इसको सतत अद्यतन किया जा रहा है।

आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार- अभ्यर्थियों एवं उन्हें नामांकित करने वाले राजनीतिक दलों को आपराधिक प्रकरणों यदि कोई है तो उसके बारे में समाचार पत्रों और टेलीविजन पर निम्न प्रकार से प्रकाशित करना होगा :

(i) प्रथम प्रचार : नाम वापसी की अंतिम तिथि के 4 दिन के अंदर।
(ii) द्वितीय प्रचार : नाम वापसी की अंतिम तिथि के 5 से 8 दिन के बीच।
(iii) तृतीय प्रचार : चुनाव प्रचार के 9वें दिन से अंतिम दिन के मध्य अर्थात मतदान के 2 दिन पहले तक)

कोविड-19 के सुरक्षा उपायों एवं मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्था के बारे में मतदाताओं को तथा अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों को कोविड-19 के निर्देशों के पालन के प्रति अधिक से अधिक जागरूक किया जावेगा।

कोविड-19 के इलाज की निर्धारित दरें रिसेप्शन काउंटर पर प्रदर्शित करें निजी अस्पताल

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी नर्सिंग होम और निजी हॉस्पिटल (क्लीनिकल स्टैब्लिशमेंट) को कोविड-19 के उपचार की निर्धारित दरों को रिसेप्शन काउंटर पर प्रदर्शित करना जरूरी है। इसके साथ ही मरीज और मरीजों के परिजन को मांगने पर उपचार की निर्धारित दरों को उपलब्ध कराना होगा। निर्धारित दरों के संबंध में भी स्पष्ट किया गया है कि 29 फरवरी 2020 को नर्सिंग होम, निजी हॉस्पिटल के द्वारा जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित की गई दरों से निर्धारित दरें 40 प्रतिशत से अधिक नहीं हों। उच्च न्यायालय द्वारा 17 सितम्बर और 23 सितम्बर को कोविड-19 उपचार की निर्धारित दरों को नर्सिंग होम एवं निजी हॉस्पिटल को रिसेप्शन काउंटर पर प्रदर्शित करने के पारित आदेश के पालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयुक्त स्वास्थ्य द्वारा सभी नर्सिंग होम एवं निजी हॉस्पिटल को उच्च न्यायालय द्वारा कोविड-19 की रोकथाम संबंधी प्रकरण में 17 एवं 23 सितम्बर 2020 को पारित उपचार की निर्धारित दरों के आदेश के पालन में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

विश्व बंधुत्व के लिये वसुधैव कुटुम्बकम् के आदर्श पर कार्य करते हैं 'मानवतावादी'

"हर कोई महान हो सकता है, क्योंकि कोई भी सेवा कर सकता है। सेवा करने के लिए आपके पास कॉलेज की डिग्री होने की जरूरत नहीं है। आपको सेवा का कोई विषय नहीं चुनना होगा और न ही क्रिया को सेवा के लिए सहमत होना होगा। आपको बस एक दया से भरे दिल और प्रेम से उत्पन्न एक आत्मा की आवश्यकता है।" मार्टिन लूथर किंग जूनियर का यह संदेश हम सभी को मानव सेवा करने के लिये प्रेरित करता है। "नर सेवा, नारायण सेवा" अर्थात् मानव की सेवा में ही भगवान की सेवा निहित है। सेवा का मूल मंत्र हर धर्म में बताया गया है। वैश्विक स्तर पर देखा जाये तो आज हमें मानवता की सेवा के अलग-अलग मायने देखने को मिलते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व भर में फैली अशांति और संघर्ष में लाखों लोग अपने मूल स्थान से विस्थापित हुए हैं, ऐसे लोगों की संख्या 6.5 करोड़ से अधिक है। विस्थापितों में सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को होता है, क्योंकि बच्चों को सशस्त्र समूहों में भर्ती किया जाता है और उन्हें लड़ाइयों में झोंक दिया जाता है। वहीं महिलाओं का उत्पीड़न और अपमान किया जाता है। दुनिया भर में अलग-अलग तरह की मुसीबतों और समस्याओं का सामना करने वालों की मदद के लिये कई राहतकर्मी और सहृदयी लोग आते हैं। ये लोग जरूरतमंदों को राहत भी पहुंचाते हैं, इसलिए कुछ विध्वंसकारियों द्वारा अक्सर इन्हें निशाना बनाया जाता है और धमकियां दी जाती हैं।

मानवतावादी कार्यों में जान गंवाने वालों की स्मृति में मनाया जाता है दिवस

प्रत्येक वर्ष अगस्त माह की 19 तारीख को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व मानवतावादी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन लोगों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर मानवतावादी संकट में अपनी जान गवां दी या मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति के लिये अपने प्राणों को दांव पर लगा दिया। इस दिन उन सहायताकर्मियों और लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने बाधाओं

के बावजूद जीवन रक्षक कार्य किये और लोगों को सुरक्षा तथा सेवा प्रदान की।

इस वर्ष यह दिवस और भी खास हो गया है, क्योंकि पिछले कुछ महीनों से दुनिया के सामने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के रूप में एक विकराल संकट खड़ा है। पूरा विश्व कोविड-19 नामक इस संकट से जूझ रहा है। ऐसे में कई देशों में सहायताकर्मी लोगों की सहायता करने के लिए तमाम बाधाओं को तोड़ते हुये अभूतपूर्व पहुंच बना रहे हैं और समुचित सहायता प्रदान कर रहे हैं।

विश्व मानवतावादी दिवस बगदाद में हुये बम ब्लास्ट की याद दिलाता है। दरअसल वर्ष 2003 में 19 अगस्त को इराक के बगदाद में भयानक बम हमला हुआ था, इस विस्फोट में इराक में तैनात मुख्य मानवतावादी सर्जियो विएरा डी मेलो सहित 22 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद वर्ष 2009 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने इस तारीख को औपचारिक रूप से मानवतावादी दिवस के तौर पर मानने की मान्यता दी। बगदाद की त्रासदी के बाद अब तक हजारों राहतकर्मियों को निशाना बनाया गया है, जिसमें कई मृत्यु का शिकार हुए, कई घायल हुए तथा कइयों को गिरफ्तार और अपहृत किया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा कहा गया है कि हम विश्वस्तरीय संघर्षों से प्रभावित होने वाले नागरिकों और उन राहतकर्मियों की सहायता के लिए एकजुट हैं जो दूसरों की मदद करने के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने को तत्पर रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र इस बात पर जोर देता है कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत सभी मानवीय कार्यकर्ताओं को सुरक्षित किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दिन प्रति दिन बढ़ते हुए आतंक और हिंसा के वैश्विक खतरों के बीच मानवीय कर्मियों का काम काफी अहम है। सीरिया से लेकर दक्षिण सूडान और मालदीव से लेकर अफ्रीका के भुखमरी वाले इलाकों तक मानवताकर्मियों का कार्य काफी महत्वपूर्ण है। आतंक और हिंसा के संकट के बीच दुनियाभर के लोगों के लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों को हासिल करने के लिए लाखों लोग हर दिन जूझते हैं। इनकी सहायता के लिए और उसे नया आयाम देने के लिए विश्व मानवतावादी दिवस जैसे आयोजनों का महत्व बढ़ जाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानवतावादी मिशन भी चलाया जाता है। ये मिशन दया, सहानुभूति, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर आधारित होते हैं। मानवतावादी सहायता कर्मी आपदा प्रभावित समूहों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता करने के साथ-साथ उनके दीर्घकालिक पुनर्वास का प्रयास करते हैं। ये मिशन इस बात का भी सन्देश देते हैं कि मानवीय सहायताकर्मियों का सम्मान किया जाना चाहिए।

इस बार घर से ही "रियल लाइफ हीरो" को दिल से दें धन्यवाद

हर साल विश्व मानवतावादी दिवस पर बड़े आयोजन होते थे, सैकड़ों लोग एकत्र होकर मानवता के लिये कार्य करने वालों को याद करते थे। लेकिन इस बार वैश्विक महामारी के कारण हमें अपने घरों से ही उन रियल लाइफ हीरोज़ को धन्यवाद देना है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना मानव सेवा में अपना जीवन खपा दिया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस वर्ष वैश्विक स्तर पर "थैंक यू" कैंपेन शुरू किया गया है। दरअसल सोशल नेटवर्क साइट्स पर हैश टैग रियल लाइफ हीरोज़ (#RealLifeHeroes) नामक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मानवता के लिये कार्य करने वालों की प्रेरणादायी कहानी और उनसे जुड़े किस्से, तथ्य तथा अन्य जानकारी सबके साथ साझा की जा रही है। हम भी इस हैश टैग का प्रयोग करके ऐसे रियल लाइफ हीरोज़ की जानकारी या किस्से-कहानी साझा कर सकते हैं, जिन्होंने कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान विपरीत परस्थिति में मानवता की मिसाल पेश की है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायता कार्यों की संयोजन एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1991 में 46/182 संकल्प को अपनाया गया था। जिसे संयुक्त राष्ट्र की जटिल आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं की प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, इससे मानवीय कार्यों की समग्र प्रभावशीलता में सुधार हुआ है। इस संकल्प ने आपातकालीन राहत समन्वयक (ईआरसी) की उच्च स्तरीय स्थिति बनाई थी। इस संकल्प प्रस्ताव को अपनाने के तुरंत बाद महासचिव ने मानवीय मामलों के विभाग (DHA) की स्थापना की। उन्होंने ईआरसी को मानवीय मामलों के लिए अवर-महासचिव का दर्जा भी दिया। वर्ष 1998 में महासचिव के सुधार कार्यक्रम के एक भाग के रूप में डीएचए (DHA) को मानवीय मामलों के समन्वय (OCHA) के कार्यालय में पुनर्गठित किया गया और मानवीय प्रतिक्रिया, नीति विकास तथा मानवीय वकालत के समन्वय को शामिल करने के लिए इसके जनादेश का विस्तार किया गया। वर्तमान में इस एजेंसी के प्रमुख मार्क लोकॉक हैं।

विश्व मानवतावादी शिखर सम्मेलन में तय हुआ था मानवता के लिए एजेंडा

मई 2016 में इस्तांबुल शहर में विश्व मानवतावादी शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। यह दिन वैश्विक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। इस शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र के 180 सदस्य देशों के 700 से अधिक स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले 9,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। सभी प्रतिभागियों ने एजेंडा फॉर ह्यूमेनिटी के परिवर्तनों का समर्थन किया था। एजेंडा में 5 मुख्य जिम्मेदारियां और 24 परिवर्तन शामिल थे, इसकी विस्तार से जानकारी के लिये आप वेबसाइट agendaforhumanity.org पर विजिट कर सकते हैं।

इस सम्मेलन में बताया गया था कि दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। दुनिया भर में लगभग 132 मिलियन लोगों को मानवीय सहायता और सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता है, ये संख्या द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की उच्चतम् संख्या थी। यही कारण है कि पूर्व महासचिव बान की मून ने मानवता के लिए एक नया एजेंडा सामने रखा, वैश्विक नेताओं से मानवता के लिए खड़े होने और मानवीय पीड़ा को कम करने का आह्वान किया।

इस दिवस से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के कुछ प्रमुख तथ्य

- वर्ष 2019 में 483 राहतकर्मियों पर हमला हुआ। इनमें से 125 की मौत हो गई, 234 जख्मी हुये और 277 अलग-अलग घटनाओं में 124 लोगों का अपहरण हो गया।
- सीरिया में सबसे ज्यादा हमले हुए, इसके बाद इस सूची में दक्षिण सुडान, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, अफगानिस्तान, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, यमन और माली जैसे देश शामिल हैं।
- डब्ल्यूएचओ ने स्वास्थ्य कर्मचारियों और सुविधाओं के खिलाफ 1,009 हमलों की सूचना दी।
- दुनिया भर में हुए सभी हमलों का 90% हमला राष्ट्रीय कर्मचारियों पर हुआ।
- वर्ष 2019 में भी मानवीय सहायता विश्व स्तर पर दी गई। खसरे से लड़ने और बचाव के लिये वैश्विक स्तर पर 28.9 मिलियन बच्चों को इसका टीका लगाया गया।
- वैश्विक स्तर पर 6.9 मिलियन बच्चे (6-59 महीने के बच्चे), गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में कुपोषण के शिकार बच्चों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया।
- 32.2 मिलियन लोगों को पीने, खाना पकाने और व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए सुरक्षित पानी तक पहुंच प्रदान की गई।
- दुनिया भर में 92.6 मिलियन बच्चों और देखभाल करने वालों को मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक सहायता जैसी सुविधा प्रदान की गई।
- 42.0 मिलियन पशुधन का टीकाकरण और उपचार अभियानों के द्वारा किया गया।

- संयुक्त राष्ट्र की आपदा राहत एजेंसी के प्रमुख ने कहा है कि वर्ष 2020 में दुनियाभर में लगभग 16 करोड़ 80 लाख लोगों को मदद की जरूरत होगी और ये लोग 50 से भी अधिक देशों में मौजूद होंगे।

यूनिसेफ के पहले सद्भावना दूत डैनी काये के नाम पर दिया जाता है मानवतावादी पुरस्कार

प्रसिद्ध अमेरिकी मनोरंजक अभिनेता, मानवतावादी और दुनिया भर के बच्चों के लिए यूनिसेफ के पहले सद्भावना दूत डैनी काये के नाम पर यूनिसेफ द्वारा मानवतावादी पुरस्कार (Humanitarian Award) प्रदान किया जाता है। डैनी काये का जन्म 18 जनवरी, 1913 को न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में हुआ था (उनके जन्म का वास्तविक वर्ष 1911 था, लेकिन उनका जन्मदिन 1913 को मनाया गया था)। 1954 में वह यूनिसेफ के पहले सद्भावना राजदूत बने। काये चैरिटी का समर्थन करने के लिए मशहूर हस्तियों के लिए एक रोल मॉडल थे। उन्हें अपने मानवीय कार्यों के लिए दो मानद ऑस्कर मिले थे। डैनी काये को वर्ष 1974 में लायंस क्लब से मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 03 मार्च, 1987 को उनका निधन हो गया।

वॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को यूनिसेफ की ओर से डैनी काये मानवतावादी पुरस्कार वर्ष 2019 से सम्मानित किया गया है। प्रियंका चोपड़ा पिछले कई वर्षों से सद्भावना राजदूत के रूप में यूनिसेफ से जुड़ी हुई हैं। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद प्रियंका ने कहा था कि "समाज सेवा अब कोई विकल्प नहीं रह गया है, समाज सेवा जीवन का एक माध्यम बन गया है।"

मानवता की परिभाषा

मानवतावाद को अंग्रेजी में ह्यूमेनिज़्म (Humanism) कहते हैं, यह मूल रूप से ह्यूमेनिटीज़ शब्द से निकला है, जिसका अर्थ मनुष्य को संस्कारित करने से है। मानवतावाद शब्द मानव को परिष्कृत करता है। विभिन्न विधियों द्वारा मनुष्य की उत्पत्ति, प्राकृतिक परिवेश में उसके विकास, ब्रह्माण्ड के साथ उसके सम्बन्ध, उसके व्यक्तित्व, स्वभाव तथा आचरण का निष्पक्ष एवं वस्तुपरक वैज्ञानिक अध्ययन जिस संकाय के अंतर्गत किया जाता है, उसे मानवतावाद कहते हैं। मानवतावाद के तीन भाग व रूप बताये जाते हैं भौतिक मानवतावाद, आध्यात्मिक मानवतावाद और एकात्म मानवतावाद।

- मानवतावाद वह दार्शनिक विचारधारा है जिसमें मानव तथा उसकी समस्याओं के विवेचन को प्रमुखता प्रदान की जाती है।
- ऑक्सफोर्ड डिक्सनरी के अनुसार "मानवतावाद ईश्वर से सम्बन्धित न होकर मनुष्य के हितों से सम्बन्धित है।"
- वाल्डविन की डिक्शनरी ऑफ फिलॉस्फी एण्ड साइकोलॉजी में मानवतावाद की परिभाषा करते हुए कहा गया है कि "यह विचार, विश्वास अथव कर्म सम्बन्धी वह पद्धति है जो ईश्वर का परित्याग करके मनुष्य एवं सांसारिक वस्तुओं पर ही केन्द्रित रहती है।"
- मानवेन्द्र नाथ राय (एम.एन.राय) के अनुसार नव मानवतावाद की परिभाषा - "नवीन मानवतावाद व्यक्ति को सम्प्रभुता की घोषणा करता है। वह इस मान्यता को लेकर चलता है कि एक ऐसे समाज का निर्माण करना संभव है जो तर्क पर आधारित हो तथा नैतिक हो, क्योंकि मनुष्य प्रकृति से ही तर्कशील विवेकी एवं नैतिक प्राणी है नवीन मानवतावाद विश्वव्यापी है।"

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

आपको मानवता में विश्वास नहीं खोना चाहिये। मानवता एक सागर के समान है। यदि सागर की कुछ बूंदें गंदी भी हो जाएँ तो इससे पूरा सागर मैला नहीं होता। - महात्मा गाँधी

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य अध्ययन

1. निम्नलिखित में से मध्यप्रदेश का राजकीय वृक्ष कौन सा है?
(A) पीपल (B) बरगद
(C) शाल (D) सागौन
उत्तर :- (B) बरगद

2. देवधर ट्रॉफी का संबंध निम्नलिखित में से किस खेल से है?
(A) फुटबॉल
(B) हॉकी
(C) क्रिकेट
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (C) क्रिकेट

3. कोरोना वायरस का पहला मामला निम्नलिखित में से किस देश में दर्ज हुआ था?
(A) चीन (B) उत्तर कोरिया
(C) पाकिस्तान (D) नेपाल
उत्तर :- (A) चीन

4. निम्नलिखित में से किसे 'बर्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है?
(A) जावेद अली
(B) सलीम अली
(C) राजेंद्र सिंह
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (B) सलीम अली

5. विश्व योग दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 19 जून (B) 21 जून
(C) 22 जून (D) 18 जून
उत्तर :- (B) 21 जून

6. प्रसिद्ध लाट मस्जिद निम्नलिखित में से कहां अवस्थित है?
(A) देवास (B) धार
(C) उज्जैन (D) इंदौर
उत्तर :- (B) धार

7. सॉरोलॉजी निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(A) पुष्पों के अध्ययन से
(B) छिपकलियों के अध्ययन से
(C) सांपों के अध्ययन से
(D) पक्षियों के अध्ययन से
उत्तर :- (B) छिपकलियों के अध्ययन से

8. भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से किस अनुसूची का संबंध पंचायती राज से है?
(A) अनुसूची 5
(B) अनुसूची 11
(C) अनुसूची 12
(D) अनुसूची 4
उत्तर :- (B) अनुसूची 11

9. महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश निम्नलिखित में से कहां दिया था?
(A) सारनाथ (B) प्रयाग
(C) वाराणसी (D) पावापुरी
उत्तर :- (A) सारनाथ

10. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) मनाने की शुरुआत किस वर्ष से हुई?
(A) 2014 (B) 2015
(C) 2017 (D) 2016
उत्तर :- (B) 2015

11. सांप्रदायिक पंचाट की घोषणा निम्नलिखित में से किस वर्ष की गई थी?
(A) 1932 (B) 1930
(C) 1940 (D) 1934
उत्तर :- (A) 1932

12. फीफा विश्वकप 2014 का विजेता कौन सा देश है?
(A) फ्रांस (B) अर्जेंटीना
(C) जर्मनी (D) क्रोएशिया
उत्तर :- (C) जर्मनी

13. मोहम्मद गौस का मकबरा निम्नलिखित में से कहां स्थित है?
(A) खंडवा (B) बुरहानपुर
(C) खरगौन (D) ग्वालियर
उत्तर :- (D) ग्वालियर

14. श्री वसंत राय निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित थे?
(A) क्रिकेट (B) शतरंज
(C) टेबल टेनिस (D) पोलो
उत्तर :- (A) क्रिकेट

15. भारत का मेट्रो मैन निम्नलिखित में से किसे कहा जाता है?
(A) के. सिवान
(B) ई. श्रीधरन
(C) बाला कृष्णन
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (B) ई. श्रीधरन

16. मोनाजाइट में कौन सा खनिज पाया जाता है?
(A) प्लेटिनम
(B) थोरियम
(C) पोटेशियम
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (B) थोरियम

17. बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ खेलों का आयोजन किस वर्ष किया जायेगा?
(A) 2020 (B) 2022
(C) 2024 (D) 2025
उत्तर :- (B) 2022

18. कोलोराडो का पठार कहां है?
(A) उत्तरी अमेरिका
(B) यूरोप
(C) दक्षिणी अमेरिका
(D) अफ्रीका
उत्तर :- (A) उत्तरी अमेरिका

19. गैरसैंण को अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी किस राज्य द्वारा घोषित किया गया है?
(A) उत्तराखंड (B) हिमाचल प्रदेश
(C) सिक्किम (D) मेघालय
उत्तर :- (A) उत्तराखंड

20. भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष की गई थी?
(A) 1952 (B) 1953
(C) 1962 (D) 1954
उत्तर :- (D) 1954

21. 'मंगल' शब्द का प्रयोग किस वनस्पति के लिये किया जाता है?
(A) मैंग्रोव
(B) जलीय पौधे
(C) भूमध्य सागरीय वन
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (A) मैंग्रोव

22. 'सतमाला हिल्स' किस राज्य में स्थित है?
(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) राजस्थान (D) मध्यप्रदेश
उत्तर :- (B) महाराष्ट्र
व्याख्या :- यह महाराष्ट्र के नासिक जिले में चलती है। नासिक के भीतर सह्याद्रि श्रेणी का अभिन्न अंग है।

23. विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 22 जून (B) 21 जून
(C) 20 जून (D) 18 जून
उत्तर :- (B) 21 जून

24. 'डिवाइन कॉमेडी' किसकी रचना है?
(A) मिल्टन
(B) दांते
(C) शेक्सपीयर
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर :- (B) दांते

25. कम्प्यूटर की विशेषतायें निम्नलिखित में से कौन सी हैं?
(A) गति
(B) सटीकता
(C) मेमोरी/बहुमुखी प्रतिभा
(D) उपरोक्त सभी
उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

26. नुआखाई त्योहार मुख्यतया किस राज्य से संबंधित है?
(A) ओडिशा (B) उत्तरप्रदेश
(C) सिक्किम (D) कर्नाटक
उत्तर :- (A) ओडिशा

27. भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 107वें संस्करण का मेज़बान निम्नलिखित में से कौन सा शहर था?
(A) नई दिल्ली (B) बेंगलुरू
(C) लखनऊ (D) कोलकाता
उत्तर :- (B) बेंगलुरू

28. इलेक्ट्रिक कारों में प्रयुक्त बैटरी के लिये आवश्यक तत्व निम्नलिखित में से कौन सा है?
(A) मैग्नीशियम (B) लीथियम
(C) सोडियम (D) ब्रोमीन
उत्तर :- (B) लीथियम

29. कैलामाइन किसका अयस्क है?
(A) जिंक (B) कॉपर
(C) मर्करी (D) आयरन
उत्तर :- (A) जिंक

30. पीतल के घटक कौन से हैं?
(A) जिंक और कॉपर
(B) आयरन और जिंक
(C) कॉपर और निकेल
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (A) जिंक और कॉपर

31. 'मीरबेन का तेल' निम्नलिखित में से किसे कहा जाता है?
(A) फिनॉल
(B) नाइट्रोबैंजीन
(C) पोटेशियम परमैंगनेट
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (B) नाइट्रोबैंजीन

32. फोटोग्राफी में किस रसायन का उपयोग किया जाता है?
(A) सिल्वर ब्रोमाइड
(B) पोटेशियम क्लोराइड
(C) सोडियम ब्रोमाइड
(D) सिल्वर क्लोराइड
उत्तर :- (A) सिल्वर ब्रोमाइड

33. सापेक्षता का सिद्धांत निम्नलिखित में से किसने दिया?
(A) अल्बर्ट आइंस्टीन
(B) न्यूटन
(C) गैलीलियो
(D) आर्कमिडीज
उत्तर :- (A) अल्बर्ट आइंस्टीन

34. इलेक्ट्रॉन की खोज किसके द्वारा की गई थी?
(A) गोल्ड स्टीन
(B) जे.जे. थॉमसन
(C) जेम्स चैडविड
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (B) जे.जे. थॉमसन

35. प्रकाशवर्ष किसकी इकाई है?
(A) दूरी (B) समय
(C) दबाव (D) शक्ति
उत्तर :- (A) दूरी

36. राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 29 अगस्त (B) 21 अगस्त
(C) 26 अगस्त (D) 25 अगस्त
उत्तर :- (A) 29 अगस्त

37. ओलिंपिक ज्वाला का प्रतीक क्या है?
(A) खेल खेलने के लिये उत्साह
(B) चैलेंज
(C) निरंतरता
(D) अखंडता
उत्तर :- (C) निरंतरता

38. यूरो कप निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है?
(A) बैडमिंटन (B) फुटबॉल
(C) टेबल टेनिस (D) हॉकी
उत्तर :- (B) फुटबॉल

39. राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत किस देश से हुई थी?
(A) इंग्लैंड (B) भारत
(C) कनाडा (D) ऑस्ट्रेलिया
उत्तर :- (C) कनाडा

40. डोमरी भाषा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में बोली जाती है?
(A) दक्षिण पूर्व एशिया
(B) मध्य पूर्व व उत्तरी अफ्रीका
(C) मध्य अफ्रीका
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर :- (B) मध्य पूर्व व उत्तरी अफ्रीका

41. किस क्षेत्र में मक्का का उपयोग प्रधान भोजन के रूप में किया जाता है?
(A) पश्चिमी यूरोप
(B) मध्य अफ्रीका
(C) रूस
(D) एशिया
उत्तर :- (B) मध्य अफ्रीका

42. हिमालय पर्वतारोहण संस्थान की स्थापना कब की गई?
(A) 1954
(B) 1955
(C) 1956
(D) 1964
उत्तर :- (A) 1954

- पूर्वी जैन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी विषयों पर लेखन करती हैं।)

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय : परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (मध्यप्रदेश)
फोन : 9425601523, 8871571988

प्रेस विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत पी.टी.एस. रीवा में निर्माण कार्य वाहन धुलाई रैम्प हेतु निविदा क्रमांक 06/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक **TENDER No. 2020_MPPHC_110040_1**) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.10.2020 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/98620/44484/2020 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (मध्यप्रदेश)
फोन : 9425601523, 7974270262

प्रेस विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर जिला सिंगरौली में विभिन्न प्रकार की जब्त सामग्री की यथास्थिति नीलामी हेतु निविदा क्रमांक 07/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक **MPPHCL/TENDER No. 2020_MPPHC_110056_1**) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.10.2020 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/98619/44483/2020 **परियोजना यंत्री**

टेस्टिंग टारगेट पूरा करने के लिये फीवर क्लीनिक की संख्या का निर्धारण जिला स्तर पर

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना टेस्टिंग की गति को बढ़ाने और टारगेट पूरा करने के लिये आवश्यकतानुसार फीवर क्लीनिक की संख्या का निर्धारण जिला स्तर पर किया जायेगा। शहरी क्षेत्र में फीवर क्लीनिक सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक और ग्रामीण क्षेत्रों में फीवर क्लीनिक सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किये जायेंगे। सभी फीवर क्लीनिक सप्ताह में सातों दिन चलेंगे।

आयुक्त स्वास्थ्य सेवा ने समस्त जिला कलेक्टर्स, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षकों को उक्त निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया कि प्रत्येक फीवर क्लीनिक की जानकारी सार्थक पोर्टल पर अपग्रेड की जाये। साथ ही जिले में स्थापित डिस्ट्रिक कोविड कमाण्ड सेन्टर पर भी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। सैम्पलिंग के टारगेट को पूरा करने तथा स्थानीय आवश्यकतानुसार सैम्पलिंग की जरूरत पड़ने पर जिले में मोबाइल सैम्पल कलेक्शन/टेस्टिंग यूनिट भी स्थापित करें। फीवर क्लीनिक से संबद्ध मोबाइल यूनिट ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजारों में तथा शहरी क्षेत्रों की जिन कॉलोनी में कोविड का प्रभाव अधिक हो, वहां कैम्प लगाकर सैम्पलिंग का कार्य किया जाये। मोबाइल यूनिट्स में यथासंभव RAT को प्राथमिकता दिये जाने और आवश्यकता होने पर RTPCR के सैम्पल लिये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)-482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्रं.- 02 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य 12+48 पी.टी.एस. उमरिया, 2-चरण हेतु ऑनलाइन निविदा क्र. 2020_MPPHC_110041 (आइटम दर प्रपत्र "ब") निविदा क्रमांक 13/2020-21 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.09.2020 को खरीद कर दिनांक 07.10.2020 को सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/98621/44485/2020 **परियोजना यंत्री**

खेल चर्चा

नीतू डेविड बनीं भारतीय महिला क्रिकेट चयन समिति की प्रमुख

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व स्पिनर नीतू डेविड को भारतीय महिला क्रिकेट चयन समिति की

प्रमुख नियुक्त किया है। चयन समिति में पूर्व महिला क्रिकेटर मिठू मुखर्जी, रेणु मार्गेट, आरती वैद्य और कल्पना वेंकटचर भी शामिल हैं। चयन समिति के सभी सदस्यों के पास टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है। साथ ही मिठू मुखर्जी को छोड़कर सभी चयनकर्ताओं ने वन-डे क्रिकेट भी खेला है। नीतू डेविड ने भारत के लिये 10 टेस्ट तथा 97 वन-डे मैच खेले हैं। नीतू ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला मैच 7 फरवरी 1995 को न्यूजीलैंड के खिलाफ तथा आखिरी मैच 7 सितम्बर 2008 को इंग्लैंड के खिलाफ खेला है।

बार्सिलोना की जगह एटलेटिको मैड्रिड से खेलेंगे सुआरेज

मैड्रिड, उरुग्वे के दिग्गज फुटबॉलर लुईस सुआरेज अब बार्सिलोना की जगह एटलेटिको मैड्रिड से खेलते हुये नजर आयेंगे। स्पेनिश क्लब बार्सिलोना ने कहा कि उसने एटलेटिको मैड्रिड से सुआरेज को ट्रांसफर करने का करार किया है। यह करार 70 लाख डॉलर (लगभग 52 करोड़ रुपये) का है। सुआरेज बार्सिलोना के तीसरे सबसे सफल खिलाड़ी हैं। सुआरेज ने बार्सिलोना के साथ 6 सत्र खेले हैं। सुआरेज ने बार्सिलोना के लिये 198 गोल किये हैं, उनसे ज्यादा गोल लियोनेल मेसी (634) और सीजर रोड्रिगेज (232) ने किये हैं।

न्यूजीलैंड को क्रिकेट सीरीज आयोजित करने की मिली मंजूरी

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड सरकार ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) को देश में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट शुरू करने की अनुमति दे दी है। एनजेडसी ने इसकी पुष्टि करते हुये कहा कि सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट आयोजित करने की हरी झंडी दे दी है। अब हम नवंबर में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान की मेजबानी का कार्यक्रम बना रहे हैं। न्यूजीलैंड को दोनों देशों के साथ तीन-तीन मैचों की ट्वेंटी-20 तथा दो-दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

उमर गुल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के तेज गेंदवाज उमर गुल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। गुल ने कहा कि आगामी घरेलू टूर्नामेंट द नेशनल ट्वेंटी-20 कप उनके कॅरियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। गुल द नेशनल ट्वेंटी-20 कप में बलूचिस्तान फर्स्ट इलेवन टीम की तरफ से खेलेंगे। संन्यास के बाद उमर गुल कोचिंग के क्षेत्र में हाथ आजमाने वाले हैं। गुल ने लेवल-1 और लेवल-2 कोचिंग टेस्ट पास कर लिये हैं और अब वे लेवल-3 का टेस्ट देने की तैयारी कर रहे हैं। उमर गुल पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाज रहे हैं, उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 427 विकेट लिये हैं। गुल ने 47 टेस्ट मैचों में 163, 130 वन-डे मैचों में 179 और 60 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 85 विकेट लिये हैं। उमर गुल ने 3 अप्रैल 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वन-डे मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आगाज किया था।

यूएफा सुपर कप

सेविला को हराकर बायर्न म्यूनिख दूसरी बार बना चैंपियन

बुडापेस्ट, जर्मनी के फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख ने वर्ष 2020 में शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी रखा है। बायर्न म्यूनिख ने अब यूएफा सुपर कप का खिताब अपने नाम किया है। यह इस वर्ष बायर्न म्यूनिख का चौथा खिताब है। टूर्नामेंट में बायर्न म्यूनिख ने स्पेनिश क्लब सेविला को 2-1 से हराकर खिताब जीता।

बुडापेस्ट के पुस्कस एरिना में खेले गये मैच को देखने के लिये 15 हजार से अधिक दर्शक मौजूद थे। दोनों टीमों ने अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया। मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। बायर्न म्यूनिख ने शुरुआत से ही आक्रामक रणनीति अपनाई, लेकिन सेविला ने इसे गलत साबित करते हुये शुरुआत में ही बायर्न म्यूनिख की रक्षापंक्ति में सेंध लगा दी। मैच के 13वें मिनट में बायर्न म्यूनिख के डेविड अलावा ने सेविला के इवान रेकेटिक को गलत तरीके से ब्लॉक किया और गिरा दिया, जिसके चलते सेविला को पेनाल्टी किक मिली। सेविला के लुकास ओकम्पोस ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया और गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

मैच में पिछड़ने के बाद बायर्न म्यूनिख ने आक्रमण और तेज कर दिया। मैच के 34वें मिनट में बायर्न म्यूनिख के रॉबर्ट लेवानडोवस्की ने सेविला के डिफेंडरों को छकाते हुये गेंद को सेविला के गोलपोस्ट में ले गये। लेवानडोवस्की ने गेंद लियोन गोरेज्का को पास की। गोरेज्का ने आसानी से गेंद गोलपोस्ट में पहुंचा दी।

मैच के दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर दबाव बनाने की पूरी कोशिश की। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहने के बाद मैच अतिरिक्त समय में गया। मैच के 104वें मिनट में सबस्टिट्यूट खिलाड़ी जावी मार्टिनेज ने गोल कर बायर्न म्यूनिख की जीत तय कर दी। जावी पांच मिनट पहले (99वें मिनट) गोरेज्का की जगह मैदान पर उतरे थे।

- बायर्न म्यूनिख ने इस वर्ष जर्मन कप, बुंदेसलीगा और चैंपियंस लीग खिताब भी जीते हैं।
- बायर्न म्यूनिख ने अब तक दो बार यूएफा सुपर कप जीता है।
- बायर्न म्यूनिख वर्ष 2013 और 2020 में विजेता तथा वर्ष 1975, 1976 और 2001 में उपविजेता रहा है।
- सेविला ने वर्ष 2006 में जीता है यह टूर्नामेंट।
- बार्सिलोना और एसी मिलान यूएफा सुपर कप की सबसे सफल टीमें हैं।
- दोनों टीमों ने 5-5 बार यह खिताब अपने नाम किया है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो

यूरोप की टॉप-5 लीग में किये 450 गोल

रोम, पुर्तगाल के सुपरस्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो यूरोप की टॉप-5 फुटबॉल लीग में 450 से अधिक गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। रोनाल्डो ने इटैलियन लीग सीरी-ए में जुवेंट्स के लिये खेलते हुये एफसी रोमा के खिलाफ मैच में दो गोल कर यह उपलब्धि हासिल की। रोनाल्डो जुवेंट्स के लिये 55 गोल कर चुके हैं। रोनाल्डो मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से प्रीमियर लीग में 84 तथा रियल मैड्रिड की ओर से ला लीगा में 311 गोल कर चुके हैं। रोनाल्डो इस वर्ष 31 गोल कर चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ स्थगित की सीरीज

सिडनी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीजों को स्थगित कर दिया है। सीए ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को 2021-22 सत्र में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच तथा न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वन-डे मैचों की सीरीज खेलनी थी। ये दोनों सीरीज कोरोना महामारी के कारण स्थगित की गई हैं। सीए ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण अंतर्राष्ट्रीय सीरीज आयोजित कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच नवंबर माह में टेस्ट मैच खेला जाना था।

एआईएफएफ अवॉर्ड

संजू यादव और गुरप्रीत सिंह संधू बने प्लेयर ऑफ द ईयर

नई दिल्ली, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने वर्ष 2020 के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा की है। इस वर्ष गुरप्रीत सिंह संधू को मैन प्लेयर ऑफ द ईयर तथा संजू यादव को वूमेन प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है। गुरप्रीत भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम में गोलकीपर हैं, जबकि संजू भारतीय महिला फुटबॉल टीम में मिडफील्ड पोजीशन में खेलती हैं।

गुरप्रीत प्लेयर ऑफ द ईयर बनने वाले दूसरे गोलकीपर हैं। गुरप्रीत से पहले सुब्रत पॉल वर्ष 2009 में यह पुरस्कार हासिल कर चुके हैं। गुरप्रीत को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) तथा आई लीग क्लब कोचों के मतों के आधार पर विजेता चुना गया है। पुरस्कार हासिल करने के बाद गुरप्रीत ने कहा कि मैं हमेशा इस पुरस्कार को हासिल करना चाहता था। सुनील छेत्री मेरे आदर्श हैं और उन्होंने छह बार यह पुरस्कार हासिल किया है, मैं भी उनकी तरह इस पुरस्कार के काबिल बनने के लिये प्रयास कर रहा था।

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के युवा मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा को मैन एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर तथा रतन बाला को वूमेन एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है।

ट्वेंटी-20 क्रिकेट की सबसे सफल विकेटकीपर बनीं एलिसा हीली

ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर एलिसा हीली ट्वेंट-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (महिला और पुरुष दोनों वर्गों में) की सबसे सफल विकेटकीपर बन गई हैं। हीली ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में विकेटकीपिंग के मामले में भारतीय दिग्गज विकेटकीपर महेन्द्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया है। हीली ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के दौरान हासिल की।

हीली ने 115 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 44 कैच और 51 स्टंपिंग सहित कुल 95 शिकार किये हैं, वहीं धोनी ने 98 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में विकेट के पीछे 91 शिकार किये हैं, इनमें 57 कैच और 34 स्टंपिंग शामिल हैं।

- ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टॉप-5 विकेटकीपर में चार महिलाएं हैं।
- एलिसा हीली बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा (100) ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी हैं।

टोक्यो ओलिंपिक के लिये व्यापक प्रशिक्षण योजना तैयार

नई दिल्ली, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) ने 'खेलो इंडिया फिर से' के अगले चरण के लिए कदम बढ़ाते हुए देश भर में एसएआई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) में टोक्यो ओलिंपिक के लिए तैयारी करने वाले पैरा-एथलीटों एवं एथलीटों के लिए खेल गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से सुचारू करने का निर्णय लिया है।

जून के आरंभ में पहले चरण के तहत एसएआई ने विभिन्न एसएआई केंद्रों पर केवल ओलिंपिक की तैयारी करने वाले एथलीटों के लिए प्रशिक्षण शुरू किया था, क्योंकि एसएआई के पास निजी बुनियादी ढांचा है, जहां राष्ट्रीय एथलीटों की कोविड-19 से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

अगले चरण के तहत एनसीओई में टोक्यो ओलिंपिक के लिए पैरा-एथलीटों एवं एथलीटों के लिए खेल गतिविधियों को (2024 पेरिस ओलिंपिक और 2022 एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों पर ध्यान देन क साथ) सुचारू बनान का याजना बनाई गई है। इसमें नौ प्रतिस्पर्धाओं को शामिल किया जाएगा जिनमें पैरा-एथलेटिक्स, पैरा-पावरलिफ्टिंग, पैरा-शूटिंग, पैरा-तीरंदाजी, साइकिलिंग, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, कुश्ती, जूडो, एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और तलवारबाजी शामिल हैं।

इसका आयोजन केवल एसएआई के क्षेत्रीय केंद्रों पर आवासीय सुविधाओं के साथ किया जा रहा है, ताकि एथलीटों के लिए कोविड संक्रमण का कोई खतरा न रहे। यह निर्णय विस्तृत विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है कि टोक्यो ओलिंपिक के आयोजन में एक साल से भी कम समय रह गया है, ऐसे में एथलीटों को कोविड के जोखिम में नहीं डाला जा सकता है।

एथलीटों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्वारंटीन प्रोटोकॉल, एसएआई एसओपी और राज्य कोविड एसओपी सहित तमाम सुरक्षा मानदंडों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्णय लिया गया है।

साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि समान प्रतिस्पर्धा वाले एथलीटों को भी वैचों में खेल गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। खेल गतिविधियों को सुचारु करने के लिए पहले चरण की शुरुआत अक्टूबर, 2020 से होने की संभावना है।

एसएआई ने एनसीओई में प्रशिक्षुओं के बीच वायरस के संक्रमण के किसी भी जोखिम को दूर करने के लिए क्षेत्रीय केंद्रों को बायो-बबल (जोनिंग) बनाए रखने का भी निर्देश दिया है।

नीदरलैंड्स फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने बोएर

द हेग, नीदरलैंड्स फुटबॉल एसोसिएशन (केएनवीबी) ने पूर्व फुटबॉलर फ्रैंक बोएर को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। बोएर, रोनाल्ड कोमैन की जगह लेंगे, जो बार्सिलोना फुटबॉल क्लब के कोच बन गये हैं। केएनवीबी ने मुख्य कोच पद के लिये बोएर सहित तीन नाम तय किये थे। केएनवीबी ने फ्रैंक रिजकार्ड को पद ऑफर किया, रिजकार्ड ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाते हुये मना कर दिया। इसके बाद पीटर वॉस से संपर्क किया गया। पीटर ने क्लब बायेर लेवर कुसेन के साथ करारबद्ध होने के कारण असहमति जताई। इसके बाद केएनवीबी ने बोएर के नाम पर अंतिम मोहर लगाई।

अब बोएर वर्ष 2022 के फीफा विश्व कप तक डच टीम के मुख्य कोच रहेंगे। बोएर नीदरलैंड्स के लिये बतौर खिलाड़ी 112 मैच खेल चुके हैं। बोएर कई क्लबों के कोच भी रह चुके हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सामयिकी

यूएई 2024 में चांद पर भेजेगा अंतरिक्ष यान

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2024 में चांद पर एक मानवरहित अंतरिक्ष यान भेजेगा। दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन

राशिद अल मकतूम ने ट्वीटर पर यह जानकारी दी है। अल मकतूम ने बताया कि उनके दिवंगत पिता राशिद के नाम पर अंतरिक्ष यान का नाम रखा जायेगा।

पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट

ट्रंप और बिडेन ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

- **जो बिडेन ने ट्रंप को कोरोना वायरस पर लगातार सवाल कर घेरा।**
- **कोरोना वायरस के प्रसार के लिये ट्रंप ने चीन को दोषी ठहराया।**

अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवारों में पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बिडेन तथा रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमने-सामने हुये।

प्रेसिडेंशियल डिबेट में ट्रंप ने कोरोना वायरस महामारी, वैक्सीन, सुप्रीम कोर्ट में जज की नियुक्ति, टैक्स सहित कई मुद्दों पर अपने विचार जनता के सामने रखे। ज्ञात रहे कि 3 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिये होने वाले चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप और जो बिडेन

आमने-सामने हैं। यह पहली वार है कि महामारी के चलते दोनों उम्मीदवारों ने औपचारिक रूप से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद 2 डिबेट और होना बाकी हैं।

वर्चुअल होगा जी-20 शिखर सम्मेलन

जी-20 समूह देशों का शिखर सम्मेलन कोविड-19 महामारी के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ही होगा। जी-20 के सऊदी अरब स्थित सचिवालय ने एक वक्तव्य जारी कर जानकारी दी है। यह शिखर सम्मेलन 21-22 नवंबर के बीच आयोजित किया जायेगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम '21वीं शताब्दी में सभी के लिये अवसरों को मुहैया कराना' रखी गयी है। शिखर सम्मेलन में कोविड-19 महामारी के बीच लोगों की जिंदगी बचाने तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा की जायेगी।

आईएनएस विराट

आखिरी सफर पर निकला

- **इसका नाम सबसे अधिक सेवा देने वाले युद्धपोत के रूप में गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है।**

भारतीय नौसेना को 30 साल तक सेवायें देने वाले आईएनएस विराट के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी नौसेना अधिकारियों ने अपनी भावनायें व्यक्त करने के बाद आईएनएस विराट की सेवाओं को याद किया। इस समारोह के बाद आईएनएस विराट को गुजरात स्थित अलंग में भेज दिया गया। ज्ञात रहे कि 3 साल पहले आईएनएस विराट को सेवानिवृत्त कर दिया गया था। विराट ने देश के लिये कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। इसने ऑपरेशन ज्यूपिटर और ऑपरेशन पराक्रम में भी अहम भूमिका निभाई थी।

आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच छिड़ी जंग

- **आर्मेनिया और अजरबैजान ने एक-दूसरे पर विवादित क्षेत्र के बाहर भी गोलीबारी करने के आरोप लगाए हैं।**
- **इस लड़ाई में अब तक 70 से ज्यादा लोग मारे गये हैं। यह आंकड़ा बढ़ने की संभावना भी जतायी जा रही है।**

पिछले कुछ दिनों से आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच में विवादित इलाके नागोर्नो कारावाख को लेकर जंग छिड़ी हुई है। जो दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है। आर्मेनिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार अजरबैजान के ड्रोन हमले से आग लगी, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने आर्मेनिया के हमले में अपने 10 नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि की है।

बताया जा रहा है कि अजरबैजान, आर्मेनिया से लड़ने के लिये मैदान में तुर्की के हमलावर ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। अजरबैजान ने तुर्की से हाल ही में बाकरकट टीबी-2 ड्रोन लिया है। इस ड्रोन की खासियत यह है कि ये मध्यम ऊंचाई पर उड़ते हुये लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम है।

उत्तरी कैलिफोर्निया में लगी आग

उत्तरी कैलिफोर्निया की सोनोमा काउंटी में तेज हवाओं के कारण आग भड़क उठी, जिससे कई घर नष्ट हो गये। तकरीबन 70 हजार लोगों को यहां से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उत्तरी कैलिफोर्निया की इस काउंटी में प्रचंड हवा के कारण यह आग लगी है। ज्ञात रहे कि 3 साल पहले भी काउंटी में इस तरह की भीषण आग लगी थी। कैल फायर डिवीजन प्रमुख बेन निकोल्स ने कहा कि सोनोमा और नापा काउंटियों में कई घर जल गये हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने अग्निशामकों की मदद से आग पर काबू पाने की भरसक कोशिशें कीं लेकिन आग को बुझाया नहीं जा सका।

अफगानिस्तान और तालिबान

संपर्क समूहों की वार्ता फिर शुरू

- **टोलो न्यूज के अनुसार 12 सितंबर को अंतर-अफगान वार्ता में कुछ बिन्दुओं पर सहमति नहीं बन पाई थी।**
- **इस वार्ता में ध्यान रखा गया कि दोनों पक्ष शांति से अपनी बात रखें।**

अफगानिस्तान और तालिबान संपर्क समूहों की वार्ता फिर से शुरू हो गई है। तीन दिन देर से फिर शुरू हुई वार्ता में कुछ नये बिन्दु भी शामिल किये गये हैं

जो नये अफगानिस्तान के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। इस वार्ता के लिये 29 फरवरी 2020 को अमेरिका के साथ हुये अफगान शांति वार्ता को मुख्य आधार माना गया है। ज्ञात रहे कि शांति वार्ता एजेंडा की अब तक 5 बैठकें की जा चुकी हैं।

उत्तरी अरब सागर

भारत और जापान के बीच नौ-सैनिक अभ्यास संपन्न

भारतीय नौसेना और जापान के नौ-सैनिकों ने उत्तरी अरब सागर में सफलतापूर्वक संयुक्ताभ्यास किया। भारतीय नौसेना ने जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के साथ द्विपक्षीय अभ्यास कर दुनिया को अपनी समुद्री ताकत दिखा दी है। इंडिया नेवी का प्रतिनिधित्व आईएनएस चेन्नई, आईएनएस तरकश और आईएनएस दीपक ने किया है। जबकि जेएमएसडीएफ का प्रतिनिधित्व जेएस कागा और जेएस इजाकुची ने किया है। भारतीय नौसेना का नेतृत्व पश्चिमी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने किया।

हाइड्रोजन ईंधन से विमान ने भरी उड़ान

- **वायु प्रदूषण से निजात मिलेगी।**
- **इस विमान को ब्रिटिश एयरोस्पेस स्टार्टअप कंपनी जीरोअवीया ने डिजाइन किया है।**

ब्रिटेन में हाइड्रोजन ईंधन से उड़ने वाले दुनिया के पहले विमान ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी। इस विमान की उड़ान को वैश्विक विमानन उद्योग के लिये बड़ा कदम माना जा रहा है। जीरोअवीया के छह सीट वाले यात्री विमान ने लंदन के उत्तर में लगभग 50 मील की दूरी पर

क्रेनफील्ड हवाई अड्डे पर कंपनी की रिसर्च एंड डेवलपमेंट साइट पर इस उड़ान को सफलतापूर्वक भरा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।